

राज्यसभा चुनाव- झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार: भाजपा समर्थित उद्योगपति नाथवानी जीते, 12 राज्यों की 26 सीटों में से 19 एनडए को।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 170 पृष्ठः 08 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## फास्ट न्यूज

### पीएम-किसान की 23वीं किस्त 20 जून को होगी जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। लाभार्थियों में 2.18 करोड़ से अधिक महिला किसान भी शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई केंद्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। पश्चिम बंगाल के 45.35 लाख से अधिक किसानों को 907.21 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मिलेगी। इसके साथ ही वर्ष 2019 से अब तक राज्य में पीएम-किसान के तहत कुल वितरण 15,055 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं की शुरूआत करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्रीस्टैक, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शामिल हैं।

### दिल्ली सरकार नीट परीक्षा के 97 केंद्रों के बाहर बनाएंगी कूलिंग जोन

**नई दिल्ली।** देशभर में 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की पुनर्परीक्षा के मद्देनजर दिल्ली सरकार सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर कूलिंग जोन बनाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बयान में बताया कि दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए कुल 97 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 69 सरकारी विद्यालय में तथा 28 केंद्रीय विद्यालयों में हैं। इन परीक्षा केंद्रों के आसपास जिला प्रशासन द्वारा विशेष कूलिंग जोन स्थापित किए जा रहे हैं, जहां अभिभावकों और परिजनों के बैठने, विश्राम करने तथा गर्मी से राहत पाने की समुचित व्यवस्था रहेगी।

एफिल टॉवर पर भी भारत का यूपीआई काम करता है, हमारे पास वर्ल्ड-क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स

# भारत और यूरोप के बीच फ्रांस पुल जैसाः प्रधानमंत्री मोदी

**इकोसिस्टम**


फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पेरिस/नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार फ्रांस के पेरिस में आयोजित विवाटेक समिट में शामिल हुए। मोदी ने कहा- फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। हमारे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की वजह से आज दुनिया के आधे रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में होते हैं। अब आप फ्रांस में भी एफिल टॉवर या पेरिस एयरपोर्ट पर वढकका इस्तेमाल कर सकते हैं। हमारे पास ऐसे कई वर्ल्ड-क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स के उदाहरण हैं। डिजिलॉकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल डॉक्यूमेंट वॉलेट में से एक है। 17 जून को फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी7 समिट के बाद पीएम मोदी देर रात करीब 2 बजे पेरिस पहुंचे थे। यहां होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया था।

**भारत में बदलाव की वजह टेक्नोलॉजी**
भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टमः पिछले दशक में, भारत तेजी से बदल रहा है और इस बदलाव के पीछे टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका है। दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम बनाने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म तक, हम फाइनेंशियल इन्क्लूजन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन, खेती और कई अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**2026 भारत और यूरोप के लिए एक खास साल हैः** साल की शुरूआत में, हमने ऐतिहासिक भारत-एव फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा किया।
यह एग्रीमेंट हमारे व्यापार और निवेश को बढ़ाएगा। इस साल 'भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर' की शुरूआत के साथ, फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है।

**भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूलः** भारत एक खुला समाज है और दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है। हम नियमों को आसान बना रहे हैं और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुनिश्चित कर रहे हैं। इनोवेशन से लेकर कमर्शियलाइजेशन तक, हम 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा के खास इंसेंटिव के जरिए प्राइवेट कंपनियों को सपोर्ट कर रहे हैं।
भारत में दुनिया में सबसे सस्ता डेटा उपलब्ध हैः हम दुनिया का सबसे सस्ता डेटा और कम लागत वाली ग्रीन एनर्जी भी उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा नजरिया साफ है। हमारी सरकार सुविधा देगी और इंडस्ट्री इनोवेशन करेगी। स्टार्टअप्स बड़े बदलाव लाएंगे और ग्लोबल पार्टनर हमारे साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।



### फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले मोदी, निवेश और भारत में विस्तार योजनाओं पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान गुरुवार को कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश के अवसरों तथा कारोबार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने निर्माण सामग्री क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। बातचीत में निर्माण सामग्री और अवसंरचना क्षेत्र में अवसरों, विशेषकर टिकाऊ विकास से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में सेंट-गोबेन की मजबूत उपस्थिति और निवेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का सृजन हो रहा है। बाजिन ने भारत में कंपनी के निवेश और विस्तार की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने रेल परिवहन और गतिशीलता क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियोन से भी मुलाकात की। इस दौरान रेलवे आधुनिकीकरण और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में एल्सटॉम के निवेश और विनिर्माण गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे रोजगार सृजन के साथ-साथ भारतीय रेल क्षेत्र के विकास को भी गति मिली है।



भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से यहां मुलाकात की तथा दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और सुदृढ़ करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।

### हरियाणाः नशा तस्करी केसों की सुनवाई को 13 नई फास्ट ट्रैक कोर्ट बनी

**चंडीगढ़। ह**रियाणा सरकार ने राज्य में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए सात जिलों में 13 नई फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया है। संबंधित जिलों में अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालयों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में बदला गया है और इन न्यायालायों के न्यायाधीश इन फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश होंगे। जिन जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन हुआ है, वहां नशे की तस्करी से जुड़े केसों की त्वरित सुनवाई संभव हो सकेगी। यह फास्ट ट्रैक कोर्ट फरीदाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला, रोहतक व यमुनानगर में एक-एक होगी, जबकि सिरसा जिले में छह फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई गई हैं। फतेहाबाद जिले में दो फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया गया है।
सत्र न्यायाधीशों की अदालतों को अन्य स्थापित अधिकारी एवं मनोभावी फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के रूप में अधिसूचित किया गया है।

## धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को प्रस्तावित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा प्रक्रिया में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा दक्षता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी तथा एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे।
बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि पुनर्परीक्षा के स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। शिक्षा मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारी सभी राज्यों में पहुंच कर पुनर्परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों का समन्वय करेंगे।

### दिल्ली के विभागों और एजेंसियों में पूर्व-अग्निवीरों को 20 फीसद आरक्षण लागू करने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों में पूर्व-अग्निवीरों को 20 फीसद आरक्षण लागू करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को दिल्ली सरकार के विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों में पूर्व-अग्निवीरों को आरक्षण का लाभ देने की रणनीति को लेकर समीक्षा बैठक में दिया गया। इस मौके पर मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यह आरक्षण भारत सरकार के विजन के अनुरूप लागू किया जा रहा है। इन युवा पुरुषों और महिलाओं के अनुशासन, कौशल और प्रशिक्षण का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, पुलिस कांस्टेबल, फायरमैन, जेल वार्डन, फॉरेस्ट गार्ड और वाइल्डलाइफ गार्ड सहित ग्रुप 'सी' के खाली पदों पर सीधी भर्ती में 20 फीसद आरक्षण लागू करने का निर्देश दिया गया।

## हरियाणा में चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए सीईटी का ऐलान

**आवेदन करें**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी पदों की भर्तियों के लिए सीईटी का ऐलान कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी पदों की भर्तियों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) का ऐलान कर दिया है। गुरुवार को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शुक्रवार सुबह पोर्टल खुल जाएगा, जिसके बाद युवा तीन जुलाई की रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। छह जुलाई तक शुल्क जमा कराया जा सकेगा।

आवेदन में कोई गलती हुई तो सात से नौ जुलाई तक करेक्शन पोर्टल खोला जाएगा, जिससे युवा जानकारी में संशोधन कर सकेंगे। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने बताया कि परीक्षा और प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि बाद में अलग से घोषित की जाएगी।

### टेलीग्राम को अस्थायी रुप से बंद करने के आदेश पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 जून को नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के मद्देनजर सोशल मीडिया मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को अस्थायी रुप से बंद करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने टेलीग्राम को नया डार्क वेब करार दिया, जिसके जरिये अवैध गतिविधियां और गैरकानूनी कामों को अंजाम दिया जाता है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि टेलीग्राम नया डार्क वेब बन चुका है। इसके जरिये अपराधी अपने गैरकानूनी कार्य कर पाने में सक्षम हैं।

*मुख्यमंत्री ने कांगड़ा जिले के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उप-प्रधानों को शपथ दिलाई, पारदर्शिता, जनभागीदारी और सुशासन के साथ गांवों के विकास का किया आह्वान*

## हिमाचल के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी, अगले पांच वर्षों में प्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री

**शपथ दिलाई**

पंचायती राज संस्थाओं के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं




**टीम एक्शन इंडिया**
**विजय समयाल**
**कांगड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने और नशे के विरुद्ध जन आंदोलन को सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया।
धर्मशाला के दाड़ी मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की सबसे सशक्त इकाई हैं और ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में उनकी केंद्रीय भूमिका है। पंचायत प्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा गांवों के विकास, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के साथ-साथ सड़कों, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी सुनिश्चित करना उनका दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधनों के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए, जिसकी वैचारिक आधारशिला पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रखी थी। राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव समयबद्ध ढंग से संपन्न करवाए तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए चुनाव प्रक्रिया को सुनियोजित ढंग से संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में भी वृद्धि की गई है प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। वित्तीय अनुशासन, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और फुजूलखर्ची पर नियंत्रण के माध्यम से हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया गया है। इसके अतिरिक्त ग्रीन बोनस, राजस्व घाटा अनुदान, शानन परियोजना, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड तथा अन्य विषयों पर हिमाचल के अधिकारों की मजबूती से पैरवी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हितों की रक्षा करते हुए 422 मेगावाट क्षमता वाली किशाऊ बांध परियोजना में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

## शिवसेना (यूबीटी) की बैठक में शामिल नहीं हुए पार्टी के 6 सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित संसदीय दल की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले छह लोकसभा सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पार्टी व्हिप की अवहेलना को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। पार्टी की ओर से दिए गए व्हिप के बावजूद छह सांसद अनुपस्थिति रहे। इनमें संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व), संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम), नागेश पाटिल अष्टिकर (हिंगोली), संजय जाधव (परभणी), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) और



ओमप्रकाश उर्फ ओम राजे निम्बालकर (धाराशिव/उस्मानाबाद) शामिल हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दावा है कि शिवसेना (यूबीटी) के अधिकांश सांसद दल बदलने को तैयार हैं।
बैठक में तीन सांसद उपस्थित थे। इनमें अरविंद सावंत (मुंबई दक्षिण), अनिल देसाई (मुंबई दक्षिण-मध्य) और राजभाऊ वाजे (नासिक) शामिल हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बताया कि संसदीय दल की बैठक लोकसभा के फ्लोर लीडर अरविंद सावंत और मुख्य सचेतक अनिल देसाई ने बुलाई थी।

# कुछ लोग गाय का दूध पिएंगे और सड़क पर छोड़ देंगे, जब फसल का नुकसान करेगी तो दोष मुझे देंगे: योगी

कानपुर में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला-2026 में गोसंरक्षण के लाभ बताए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया, मुख्यमंत्री ने कहा- हमारा संकल्प है कि गोमाता को कटने नहीं देंगे और देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होने देंगे





**गोमाता की पूजा**

भारत में जन्मा हर व्यक्ति गोमाता की पूजा करता है और अपने परिवार का हिस्सा मानता है: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग गाय का दूध पिएंगे, फिर उन्हें सड़कों पर बेसहारा छोड़ देंगे और जब ये गाय फसलों का नुकसान करेंगी तो दोष मुझे देंगे। हमारा संकल्प व संस्कार है कि गोमाता को कटने नहीं देंगे और देश की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने सिख गुरुओं के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई आक्रांता या कसाई गोहत्या करता था, तो सिख वीर उसका वहीं काम तमाम कर देते थे। यह उस कालखंड की बात है, जब देश गुलाम था और लोग विदेशी आक्रांताओं के साये में जीवन व्यतीत कर रहे थे।
कानपुर में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला-2026 को संबोधित करते हुए
मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का कोई ऐसा सनातन धर्मावलंबी नहीं होगा, जो गोमाता की उपासना न करता हो, उसे अपने जीवन व परिवार का हिस्सा न मानता हो। गोमाता आधारित खेती न केवल कृषि को सशक्त बनाती है, बल्कि गोमाता की रक्षा भी करती है। साथ ही, यह हम सभी को पुण्य का भागीदार भी बनाती है।

**विदेशियों की नकल ने भारत को पीछे धकेला**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 2000 वर्ष पहले भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44 प्रतिशत थी। मुगलों की लूटपाट के बावजूद भारत की ग्लोबल इकॉनमी में हिस्सेदारी 24 प्रतिशत तक थी। जब तक भारत किसानों, व्यापारियों, नौजवानों और आधी आबादी के सामर्थ्य पर विश्वास करता रहा, तब तक देश समृद्धि की ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहा।

## मोदी सरकार ने दी डेढ़ गुना मूल्य देने की गारंटी: सीएम योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने कहा कि जब हमने विदेशियों की नकल करना शुरू कर दिया तो वही भारत विपन्न होते-होते आजादी के समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में मात्र दो प्रतिशत हिस्सेदारी तक सिमट गया। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश ने नारी शक्ति, युवाओं, व्यापारियों और किसानों पर फिर से विश्वास किया। इसी का परिणाम है कि आज भारत पूरे विश्व में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है।
ज्यादा लागत-कम आय से जूझ रहा था किसान
मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी-पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अब भारत बीमारू नहीं, विकसित भारत बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर देश है। यह विचार करने की आवश्यकता है कि वे कौन से कारण थे, जिन्होंने इतनी समृद्ध भूमि होने के बावजूद अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। 2014 से पहले किसान आत्महत्या कर रहा था, क्योंकि लागत अधिक व उत्पादन कम था और उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता था। सीएम योगी ने कहा कि आजाद भारत में किसानों को उनकी लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की गारंटी किसी ने दी, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वर्ष 2004 से 2014 के बीच देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन 2014 के बाद इस पर विराम लग गया। पहली बार सॉइल हेल्थ कार्ड के माध्यम से धरती माता के स्वास्थ्य का परीक्षण शुरू हुआ। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जरिए अन्नदाता किसानों को फसल सुरक्षा की गारंटी मिली। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचाई की सुविधा बढ़ी। किसानों के लिए प्रोक्योरमेंट सेंटर स्थापित हुए और किसान सम्मान निधि की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से मिलने वाले उर्वरक (फर्टिलाइजर) पर सरकार भारी सब्सिडी दे रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया बैग की कीमत करीब 4000 रुपये तक होती है, जबकि किसानों को एक चौथाई से भी कम कीमत पर इसे उपलब्ध कराया जाता है।

## जहर मुक्त खेती ही बेहतर भविष्य का आधार



**किसान** प्रति एकड़ रासायनिक उर्वरकों पर 10 से 12 हजार रुपये खर्च कर देता है। किसान की मेहनत को भी इसमें जोड़ दिया जाए तो उसकी कुल लागत 25 से 30 हजार रुपये तक पहुंच जाती है। इसके बावजूद सालभर की मेहनत के बाद उसे 10 हजार रुपये का शुद्ध लाभ भी नहीं मिल पाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्टिलाइजर व पेस्टीसाइड के अत्यधिक उपयोग की वजह से कई बार हमारा उत्पादन दुनिया के बाजार में स्वीकार नहीं किया जाता, क्योंकि उसमें रासायनिक तत्वों की मात्रा अधिक होती है। इसका स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव होता है। आज से 30 वर्ष पहले किडनी खराब होने के इतने मामले नहीं होते थे। लोग हैंडपंप व तालाब का पानी पीते थे, मेहनत करते थे और सामान्य स्वस्थ जीवन जीते थे। आज लगभग हर मोहल्ले में दो-तीन किडनी रोगी मिल जाते हैं। लिवर सिरोसिस, ब्लडप्रेशर व डायबिटीज के मामलों में भी तेजी से वृद्धि हुई है। सीएम ने कहा कि यह केवल व्यक्ति की गलती नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का दोष है जो केमिकल फर्टिलाइजर व पेस्टीसाइड के उपयोग को बढ़ावा देती है। यदि किसान गो आधारित प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते हैं तो प्रति एकड़ 10 से 12 हजार रुपये की सीधी बचत रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों पर होने वाले खर्च में ही हो जाएगी।

# मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं में जुटा प्रशासन

**समीक्षा**

जिला कार्यालय सभागार में मानसून पूर्व तैयारियों एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। उत्तराखंड** शासन के प्रमुख सचिव व देहरादून जिले की प्रभारी, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में मानसून पूर्व तैयारियों एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान के नेतृत्व में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मानसून तैयारी के दृष्टिगत जनपद में संचालित विभिन्न कार्यों, संवेदनशील स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में चल रहे शमन कार्यों व गत वर्ष की आपदाओं एवं जलभराव से प्राप्त अनुभवों के आधार पर की गई तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में सौंग नदी परियोजना, नंदा की चौकी क्षेत्र में चल रहे सुरक्षा कार्यों, नदी सफाई कार्यों तथा अन्य बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।
प्रमुख सचिव ने मानसून आरंभ होने से पूर्व सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही खनन गतिविधियों से संबंधित आवश्यक कार्यवाहियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने को कहा।

# नीट पुनर्परीक्षा की तैयारी पूरी, डीएम-एसपी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**दिशा-निर्देश**

प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित परिवहन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुपौल।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा कार्य से जुड़े सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को संयुक्त आदेश और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को परीक्षा संचालन में पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और जवाबदेही बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या कदाचार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सघन जांच (फ्रिस्किंग), प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित परिवहन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# उपनल कर्मियों को राहत देने व उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने के प्रस्ताव को दी मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। मु**ख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में उपनल, उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने सहित 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके बाद राज्य सरकार इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजेगी। प्रदेश की साक्षरता दर 98 प्रतिशत से अधिक होने के आधार पर यह फैसला लिया गया है। मंत्रिमंडल ने उपनल कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए समान कार्य-समान वेतन के लाभ के लिए निर्धारित कटऑफ तिथि को 12 नवंबर 2018 से बढ़ाकर 2024 करने को मंजूरी दी। इससे बड़ी संख्या में कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट ने उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा संशोधन नियमावली-2026 को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत संस्कृत विद्यालयों की मान्यता, पाठ्यक्रम और परीक्षा व्यवस्था में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव के तहत अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के कारण बढ़ी बिटुमेन कीमतों के मद्देनजर सड़क निर्माण कार्यों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए आवश्यक प्रबंधन संबंधी निर्णय लिए गए। आबकारी विभाग के प्रस्ताव में होलोग्राम दोहराव की स्थिति में दोबारा कर नहीं लगाए जाने का निर्णय लिया गया।

# टीवीएस एनटॉर्क ने द स्ट्रीट्स रिमेम्बर अभियान के जरिये फुटबॉल के जोश का उत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी:** भारत का नंबर 1 स्पोर्टी स्कूटर टीवीएस एनटॉर्क,बेहतरीन परफॉर्मेंस, स्टाइल,गतिशीलता और सड़कों पर अपनी विश्वसनीयता का प्रतीक है। फुटबॉल के साथ इसका जुड़ाव सिर्फ खेल तक सीमित नहीं है।बल्कि यह महत्वाकांक्षा,विशिष्टता और उत्कृष्टता हासिल करने की संस्कृति से जुड़ा है। ये खूबियाँ टीवीएस एनटॉर्क की पहचान हैं इसलिए यह साझेदारी बिल्कुल सही और स्वाभाविक लगती है। यह जुड़ाव उसी भरोसे,जोश और अंदाज से बना है जो आज के फुटबॉल खेल में दिखाई देता है।अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के ऑफिशियल रीजनल पार्टनर के रूप में टीवीएस एनटॉर्क खेल को एक नई पहचान देने वाले उन चैंपियनों को सम्मान देता है। जो परफॉर्मेंस,आत्मविश्वास और दबदबे की विरासत को बयां करते हैं।यह एक आइकॉन से दूसरे आइकॉन का सच्चा मिलन है यानी चैंपियनों का मिलन।टीवीएस एनटॉर्क का द स्ट्रीट्स रिमेम्बर अभियान इसी साझे जज्बे पर आधारित है।

# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह




**टीम एक्शन इंडिया**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा का प्रथम दीक्षांत समारोह गुरुवार को विवेकानंद सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल उत्तराखंड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह राज्यपाल द्वारा 15 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए गए।
विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जबकि पांच विद्यार्थियों को प्रायोजित स्मृति स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में कुल 48 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विधि सहयोगी ऐप तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. ललित चंद्र जोशी की पुस्तक पत्रकारिता : संभावनाएं, भविष्य एवं चुनौतियां का विमोचन किया। साथ ही पदक प्रायोजकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रयासरत रहने तथा लोकल टू ग्लोबल सोच विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, मूल्य एवं अनुभव जीवन में सफलता की आधारशिला हैं।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, तकनीक एवं सूचना प्रौद्योगिकी को भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र बताते हुए युवाओं से इन क्षेत्रों में दक्षता विकसित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न नवाचार एवं शोध केंद्रों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारियां पूरी, 6 जुलाई को पहुंचेगा पहला दल



**तैयारियां**

यात्रा अवधि में सभी विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय एवं निर्बाध संचार व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पिथौरागढ़।** इस वर्ष की कैलाश मानसरोवर यात्रा की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। इस बार यात्रा के लिए कुल 10 दल प्रस्तावित हैं, जिनमें प्रत्येक दल में 50 श्रद्धालु शामिल होंगे। इस प्रकार कुल पांच सौ श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम ने 12 वाहनों की व्यवस्था की है। कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 की तैयारियों के संबंध में को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी आशीष कुमार भट्टगांई की अध्यक्षता में गुरुवार को स मीक्षा बैठक आयोजित की गई।
जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा का प्रथम दल आगामी 6 जुलाई को पिथौरागढ़ पहुंचेगा। उन्होंने कुमाऊं मंडल विकास निगम एवं सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यात्रा अवधि के दौरान पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों, विशेष रूप से फिजिशियन चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, एम्बुलेंस, दवाओं तथा बेस हॉस्पिटल स्तर की समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखने को कहा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सके। बैठक के दौरान भारतीय सेना एवं सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारियों से यात्रा मार्ग की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने यात्रा अवधि में सभी विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय एवं निर्बाध संचार व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## 132 इको टास्क फोर्स ने संभाला मोर्चा, गर्मी से वन्यजीवों को बचाने के लिए विशेष अभियान

# भट्टी माइंस में सेना की पर्यावरण संरक्षण मुहिम, वन्यजीवों के लिए बनाए जल स्रोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली की भट्टी माइंस स्थित असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में भीषण गर्मी के बीच वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतीय सेना की 132 इन्फैंट्री बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी) इकोलॉजिकल राजपूत ने विशेष अभियान शुरू किया है। बटालियन की 132 इको टास्क फोर्स अभयारण्य के पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने और वन्यजीवों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

**वन्यजीवों के लिए बनाए गए जल कुंड**

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत वन्यजीवों के लिए विशेष जल स्रोत विकसित किए गए हैं। अभयारण्य के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए जल कुंडों से जंगली पशुओं को लगातार पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इससे न केवल निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाले तनाव में कमी आएगी, बल्कि पानी की तलाश में वन्यजीवों के आबादी वाले क्षेत्रों की ओर जाने की संभावना भी घटेगी। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने में मदद मिलेगी।

**भूजल संवर्धन और प्राकृतिक शीतलता पर जोर**

बटालियन ने भूजल पुनर्भरण और क्षेत्र में प्राकृतिक शीतलता बनाए रखने के लिए कई जलाशयों तथा वर्षा जल संचयन संरचनाओं का भी निर्माण किया है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण किया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर बढ़ाने, मिट्टी में नमी बनाए रखने और अभयारण्य में अनुकूल सूक्ष्म जलवायु विकसित करने में सहायता मिल रही है।

**पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही इको टास्क फोर्स**

यह पहल केवल गर्मी के मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक पुनर्स्थापन की व्यापक योजना का हिस्सा है। 132 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) इकोलॉजिकल राजपूत की 132 इको टास्क फोर्स एक विशेष पर्यावरणीय इकाई है, जो वनीकरण, क्षतिग्रस्त भूमि के पुनरुद्धार, जल संरक्षण और जलवायु-अनुकूल भूमि प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करती है।
यह इकाई अनुशासित कार्यप्रणाली और सतत संरक्षण मॉडल के माध्यम से असोला-भट्टी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्जीवित करने तथा वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखने का कार्य कर रही है। वर्षों से इसके प्रयासों ने इस क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की पहल**

सेना की इस पहल से न केवल वन्यजीवों को राहत मिलेगी, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण हरित क्षेत्र के संरक्षण, भूजल संवर्धन और पर्यावरणीय संतुलन को भी नई मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के बीच इस प्रकार की पहलें भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन के लिए एक प्रभावी मॉडल साबित हो सकती हैं।

# विकसित भारत 2047 के निर्माण में विश्वविद्यालय राष्ट्रीय विकास के इंजन बनें : अनुराग सिंह ठाकुर

**अग्रसर**

» भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की कार्यशैली पर बढ़ रहा है आगे



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति (कोयला, खान एवं इस्पात) के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने आज मोहाली स्थित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित भारत उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन-2026 के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। भारतीय निजी विश्वविद्यालय परिसंघ (सीआईपीयू) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय विकसित भारत 2047 की ओर : राष्ट्रीय विकास के इंजन के रूप में विश्वविद्यालय रहा। सम्मेलन में देशभर से 150 से अधिक कुलाधिपति, कुलपति, शिक्षाविद, सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तीव्र गति से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने देश की विकास यात्रा को रिफॉर्म एक्सप्रेस की संज्ञा देते हुए कहा कि भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की कार्यशैली पर आगे बढ़ रहा है। इसी दृष्टिकोण के कारण भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाइब्रेंसी रैंकिंग में भी विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत अभूतपूर्व स्तर पर विकास से जुड़ रहा है और नवाचार तथा उद्यमिता के नए केंद्रों के रूप में उभर रहा है। अनुराग ठाकुर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश की शैक्षणिक संरचना में ऐतिहासिक विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि आईआईटी की संख्या 16 से बढ़कर 23 तथा आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। वहीं देश में विश्वविद्यालयों की संख्या में लगभग 59.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रही है।

## जिला स्तरीय पिपलू मेला-2026 के सांस्कृतिक ऑडिशन शुरू

**राजन पुरी**

**ऊना।** 24 से 26 जून तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक ज़िला स्तरीय पिपलू मेला-2026 की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए गुरुवार को लता मंगेशकर कला केंद्र, समूर कलां में ऑडिशन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन क्षेत्र के करीब 50 स्थानीय कलाकारों ने गायन, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑडिशन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑडिशन प्रक्रिया 19 जून को भी जारी रहेगी तथा इच्छुक कलाकार मौके पर भी आवेदन कर सकते हैं। नामी कलाकारों एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ऑडिशन से छूट प्रदान की गई है।

# सराज की तीनों पंचायत समितियों पर भाजपा का ऐतिहासिक कब्जा, कांग्रेस को प्रत्याशी भी नहीं मिला

**विकास**

» जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना, कहा, आगे ट्रिपल इंजन की गति से होगा विकास



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी जिला के जंजैहली में आयोजित पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एक सभा को संबोधित करते हुए इसे सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि सराज विधानसभा क्षेत्र की तीनों पंचायत समितियों में सर्वसम्मति से भाजपा समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने गए हैं, जो कि राजनीतिक इतिहास में पहली बार इतनी शानदार और प्रचंड जीत के रूप में दर्ज हुआ है। तीनों जगह कांग्रेस पार्टी की ऐसी दुर्गति हुई कि उन्हें ढूंढे भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिले। जयराम ठाकुर ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि वे खुद प्रदेश के पंचायती राज मंत्री रहे और पांच वर्षों तक मुख्यमंत्री के गरिमामयी पद पर भी आसीन रहे, लेकिन उनके उस कार्यकाल के दौरान भी जमीनी स्तर पर पार्टी के इतने अधिक प्रत्याशी जीतकर कभी नहीं आए थे, जो इस बार की इस शानदार सफलता को बेहद खास और ऐतिहासिक बनाता है।

उन्होंने भौगोलिक और राजनीतिक परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि जंजैहली ब्लॉक पूरी तरह से हमारे सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ही आता है, जबकि बालीचौकी ब्लॉक हमारे पड़ोस के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के साथ और गोहर ब्लॉक हमारे नाचन विधानसभा क्षेत्र के साथ सांझा रूप से अपनी सीमाएं साझा करता है।

## अप्पर अर्नियाला में 21 जून को शहीदी समागम

**राजन पुरी**

**ऊना।** सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस एवं सालाना गुरमत समागम का आयोजन 19 से 21 जून तक गुरुद्वारा गुरु अर्जन देव जी, अप्पर अर्नियाला में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाएगा। यह समागम गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी की प्रेरणा से आयोजित हो रहा है। प्रबंधक सेवादार दर्शन सिंह एवं किशन सिंह ने बताया कि 19 जून को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ होंगे, जिनके भोग 21 जून को डाले जाएंगे। इसके उपरांत कीर्तन दरबार का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न संत-महापुरुष एवं रागी जत्थे गुरबाणी कीर्तन और कथा से संगत को निहाल करेंगे।

# जिला शिमला की 441 पंचायतों में चिट्टे के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान : अनुपम कश्यप

**चमन शर्मा**

**शिमला।** जिला शिमला में नशे, विशेषकर चिट्टे (हेरोइन) के बढ़ते खतरे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान जिला की सभी 441 पंचायतों में संचालित किया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक पंचायत और गांव स्तर तक नशा विरोधी संदेश पहुंचाया जाएगा। अभियान में पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह, शिक्षण संस्थान तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक के दौरान। दी



उपायुक्त ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई को जिला प्रशासन ने मिशन मोड में लिया है। उन्होंने कहा कि चिट्टा केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि सामाजिक चुनौती है, जिसके समाधान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया जाएगा तथा उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग जन प्रतिनिधियों के सहयोग से गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और इसके सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी परिणामों के बारे में जागरूक करेंगे।

# राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार 20 जून को पहुंचेंगे ब्रह्मपुर ईसीएचएस परिसर

**राजन पुरी**

**ऊना।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा नेता डॉ. सिकंदर कुमार 20 जून, शनिवार को ब्रह्मपुर स्थित सीएसडी एवं ईसीएचएस परिसर का दौरा करेंगे। इस दौरान वह पूर्व सैनिकों से मुलाकात कर क्षेत्र में शैक्षणिक एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।



इस संबंध में कर्नल जोगिंदर पाल शर्मा की ओर से सभी पूर्व सैनिक भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि सैनिक लीग दौलतपुर चौक एवं अम्ब के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. सिकंदर कुमार से सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करवाने, सीएसडी कैंटीन तथा ईसीएचएस भवन के निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने का आग्रह किया जाएगा।

उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अपील की कि वे 20 जून को प्रात: 10:30 बजे ब्रह्मपुर स्थित सीएसडी एवं ईसीएचएस परिसर में पहुंचकर सैनिक एकता का परिचय दें तथा इस महत्वपूर्ण प्रयास को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार कैदी की मदद करना पड़ा भारी, 14 लोगों के चरांद परमिट रद्द करने की सिफारिश

**हामिद खान**

**चंबा।** जिला कारागार चंबा से फरार हुए विचाराधीन कैदी की मदद करने के आरोप में 14 लोगों के चरांद (पशु चराने) के परमिट रद्द हो सकते हैं। पुलिस ने वन विभाग को पत्र लिखकर इन लोगों के परमिट निरस्त करने की सिफारिश की है। पुलिस का आरोप है कि संबंधित लोग फरार कैदी को छिपने और पुलिस कार्रवाई से बचने में मदद कर रहे हैं, जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने अपने पत्र में कहा है कि यदि ये लोग जेल से भागे एक आरोपी को संरक्षण और सहयोग दे सकते हैं, तो धारों में अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को भी अंजाम देने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर उनके चरांद परमिट रद्द किए जाने की मांग की गई है।

पुलिस का पत्र मिलने के बाद वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित व्यक्तियों के परमिटों की समीक्षा की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गाडरी, डाकघर बरौर निवासी इब्राहिम को अपनी रिश्तेदार नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह जिला कारागार में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद था। 27 मई 2025 को वह ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चकमा देकर जेल से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में लगातार अभियान चला रही है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि फरार होने के बाद आरोपी दो बार पीड़ित पक्ष के घर पहुंचा और परिजनों को कथित रूप से धमकियां दीं। जांच एजेंसियों का दावा है कि कुछ स्थानीय लोग उसे पुलिस की गतिविधियों की सूचना देकर फरार होने में मदद कर रहे हैं। जब भी पुलिस दबिश देने पहुंचती है, उसे पहले ही सूचना मिल जाती है, जिससे वह पकड़ से बच निकलता है।

उधर, वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) कृतज्ञ कुमार ने बताया कि पुलिस का पत्र विभाग को प्राप्त हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित लोगों के चरांद परमिटों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बजट होने के बावजूद भी धरेच-खगना रोड़ बदहाल




**चमन शर्मा**

**शिमला।** कसुपंटी निर्वाचन की धरेच -खगना-कांवतीपुल सड़क के उचित रखरखाव न होने से गडडों में तबदील हो गई । बरसात होने पर सड़क की हालत दयनीय हो जाती है । हांलाकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क के रखरखाव के लिए 41.69 लाख की राशि वर्षवार स्वीकृत की गई है। स्थानीय पंचायत के प्रधान नीरज ठाकुर, उप प्रधान लक्ष्मी सिंह , पूर्व उप प्रधान दिवेश कुमार, हरिचंद शर्मा, ओम प्रकाश, राकेश कुमार, राजेश कुमार, कृष्णा शर्मा, कलावती सहित अनेक लोगों द्वारा जारी प्रेस बयान में कहा कि धरेच खगना कांवती पुल सड़क में गहरे गडडे होने से वाहन धारकों को कठिनाई पेश आ रही है। छोटी गाड़ियों के चैंबर टूट रहे हैं। लोगों का आरोप है कि इस रोड़ के लिए पीजीएमएसवाई के तहत धनराशि का डटकर दुरूपयोग किया गया है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ।इस रोड़ में न ही बीते चार वर्षों में गडडे भरे गए है न ही बारिश के पानी की नालियां निर्मित की गई।

## जनगणना 2027 कार्य में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि दे अपना रचनात्मक सहयोग : कार्तिकेय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** तहसीलदार जुन्गा कार्तिकेय शर्मा ने जुन्गा तहसील के सभी नवनिर्वाचित प्रधान, उप प्रधान और वार्ड सदस्यों व अन्य विशिष्ट व्यक्तियों से आग्रह किया है कि 16 जून से आरंभ किए गए जनगणना 2027 कार्य में अपना रचनात्मक सहयोग दें। इन्होंने कहा कि जुन्गा तहसील की सभी पंचायतों में इन दिनों प्रगणक और पर्यवेक्षक घर घर जाकर जनगणना का कार्य कर रहे हैं जिन्हें फील्ड में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिए स्थानीय पंचायत के प्रधान, उप प्रधान, वार्ड मैंबरर्स के अतिरिक्त क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों का सहयोग अपेक्षित है ताकि इस महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध पूरा किया जा सके।

कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल के माध्यम से की जा रही है । प्रथम फेज का जनगणना अभियान 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक चलेगा । इस दौरान पर्यवेक्षक और प्रगणक घर घर जाकर हॉउस और परिवार संबधी जानकारी एकत्रित करेगें । जिसके लिए जुन्गा तहसील में 77 हॉउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं।

## राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे आदित्य राणा

**राजन पुरी**

**ऊना।** इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बाथू के छात्र एवं एनसीसी कैडेट आदित्य राणा का चयन 79वीं सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में वह हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता 16 से 21 जून तक अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित की जा रही है। बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र आदित्य राणा का चयन हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित चयन ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। आदित्य ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार बहल ने आदित्य को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता विश्वविद्यालय और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। वहीं कुलसचिव डॉ. जे.एस. राणा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियों को भी विशेष महत्व देता है। डीन अकादमिक्स डॉ. अमिता रानी तथा एनसीसी इंचार्ज सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) बलबीर सिंह ने भी आदित्य को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

## मलाहत में लगाईं ठंडे पानी की शबील और भंडारा

**राजन पुरी**

**ऊना।** नगर निगम ऊना के मलाहत में बाबा ज्ञान दास जी महाराज और भगवान शिव की पूजा अर्चना कर भंडारे और मीठे पानी की शबील का आयोजन किया गया।

इसमें समस्त मलाहत वासियों की सहभागिता रहीं और पीरनिगाह और बाबा बालक नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं समेत अन्य राहगीरों को सुबह दस बजें से शाम चार बजे तक भोजन कराया गया।

इस मौके पर रवि जैलदार , अंकुश, तरूण ठाकुर, आशुतोष , पंकज , सचिन, संजीव कुमार , सन्नी आदि मौजूद रहें।

# मेहनत लाई रंग, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक रेहन की 15 बेटियों का इंडो-स्फिंक्स प्रिसिजन लिमिटेड, परवाणू में चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कांगड़ा।** जिला कांगड़ा की विधानसभा फतेहपुर के तहत स्थित एकमात्र राजकीय महिला पॉलिटेक्निक रेहन की 15 छात्राओं की मेहनत और लगन आखिर रंग लाई।

संस्थान की 10 कंप्यूटर इंजीनियरिंग और 5 सिविल इंजीनियरिंग की छात्राओं का इंडो-स्फिंक्स प्रिसिजन लिमिटेड, परवाणू में रोजगार हेतु चयन हुआ है। डिप्लोमा की पढ़ाई पूरी होने से पहले ही नौकरी मिलने से छात्राओं और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है।



संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. कुलवर्धन सिंह ने बताया कि संस्थान के प्रयासों से कंपनी द्वारा 20 मई, 2026 को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई थी। इस दौरान 20 छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें से 15 छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. सतीश कटवाल ने इसे न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि इन बेटियों की सफलता उन अभिभावकों के सपनों को भी नई पहचान देगी, जिन्होंने अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था।

# खेल-खेल में स्कूल की तैयारी सीख रहे नौनिहाल, लोअर बसाल में लगा समर रेडीनेस मेला

**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के पर्यवेक्षक वृत्त बसाल के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र लोअर बसाल में गुरुवार को पर्यवेक्षक कुलवीर कौर की अध्यक्षता में समर कैम्प रेडीनेस मेला-1 का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य कम समय में अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच बनाना, उन्हें विद्यालय जाने के लिए तैयार करना तथा माताओं को बच्चों की स्कूल तैयारी से जोड़ना रहा।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान प्रमोद कुमार, उपप्रधान शाम लाल, वीडीसी सदस्य महिंद्र कुमार तथा सभी वार्ड पंच और ग्राम पंचायत सचिव महेश कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास, स्कूल रेडीनेस तथा घर पर बच्चों के सीखने के अनुकूल वातावरण तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक तैयारी में परिवार की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पर्यवेक्षक कुलवीर कौर ने कहा कि समर रेडीनेस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए मानसिक, सामाजिक और व्यवहारिक रूप से तैयार करना है । साथ ही अभिभावकों को भी इस प्रक्रिया में सहभागी बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि प्रत्येक ब%चा आत्मविश्वास के साथ विद्यालय में प्रवेश कर सके।

# हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन, प्रतिषेध एवं पुनर्वास को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन, प्रतिषेध एवं उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संबंधित प्रावधानों की समीक्षा के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त शिमला सचिन शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।


बैठक में अधिनियम के तहत जिला में किए जा रहे कार्यों, सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई से जुड़े सुरक्षा मानकों तथा हाथ से मैला उठाने की प्रथा के पूर्ण उन्मूलन के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकायों को निर्देश दिए कि अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर हाथ से मैला उठाने जैसी अमानवीय प्रथा को बढ़ावा न मिलने पाए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसे कर्मियों को सम्मानजनक जीवन एवं वैकल्पिक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए पुनर्वास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर एवं सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान मशीनों एवं सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए तथा श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जन-जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया ताकि समाज में इस कुप्रथा के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो सके। जिला में अभी तक 22 जन-जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। इसके अलावा सभी उपमंडल स्तर पर सतर्कता एवं प्रबोधन समिति का गठन किया जा चुका है।

## फ्रंट ऑफिस व हाउस कीपिंग एसोसिएट के 02 पदों के लिए 19 जून को मशोबरा में होगा कैंपस इंटरव्यू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला, जिला शिमला द्वारा मैरीगोल्ड सरोवर पार्टिको शिमला में 19 से 45 आयु वर्ग (पुरुष व महिला) के लिए फ्रंट ऑफिस एसोसिएट व हाउस कीपिंग एसोसिएट के 02 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 19 जून, 2026 उप रोजगार कार्यालय मशोबरा में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त वर्णित पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, स्नातक या होटल मैनेजमेंट निर्धारित की गई है और मानदेय 15 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि आवेदक का नाम रोज़गार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है और जिनका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं है वह संबंधित साईट eemis.hp.nic.in पर जा कर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 92185-18610 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# दिवंगत मर्चेंट नेवी अधिकारी आदित्य शर्मा का अंतिम संस्कार

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** पिछले हफ्ते ओमान और ईरान के मध्य स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य में एक शिपिंग कंपनी के जहाज पर हुए हमले में मारे गए जिला हमीरपुर की ग्राम पंचायत हड़ेटा के गांव भालू के मर्चेंट नेवी अधिकारी आदित्य शर्मा के पार्थिव शरीर का गांव के मोक्षधाम में वीरवार दोपहर को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर आदित्य शर्मा के परिजनों, रिश्तेदारों और अन्य क्षेत्रवासियों के अलावा प्रशासन की ओर से उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, नादौन के एसडीएम निशांत शर्मा, गलोड़ के तहसीलदार केशव कुमार, अन्य अधिकारियों, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन प्रेम चंद शमा, संजीव शर्मा और अन्य गणमान्य लोगों ने भी दिवंगत आदित्य शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



इससे पहले, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ के निर्देशानुसार नादौन के एसडीएम निशांत शर्मा ने वीरवार सुबह ही हमीरपुर पहुंचकर दिवंगत आदित्य शर्मा के पार्थिव शरीर के पोस्टमार्टम एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करवाया तथा इसे आदित्य शर्मा के परिजनों को सौंपा।

# शांति देवी फाउंडेशन ने एस एम. पब्लिक स्कूल कंडवाड़ी में आयोजित किया गुड टच-बैड टच जागरूकता कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** शांति देवी फाउंडेशन द्वारा कांगड़ा जिला के कंडवाड़ी स्थित एस एम. पब्लिक स्कूल में बच्चों की सुरक्षा एवं जागरूकता को समर्पित **गुड टच-बैड टच जागरूकता कार्यक्रम** का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पेंटिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात आयोजित जागरूकता सत्र में बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा, अनुचित स्पर्श की पहचान, उससे बचाव के उपाय तथा किसी भी असहज परिस्थिति में अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं विश्वसनीय व्यक्तियों से सहायता लेने के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। विषय को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों को **गुड टच-बैड टच** विषय पर आधारित जागरूकता पुस्तिका भी वितरित की गई। इस अवसर पर शांति देवी फाउंडेशन के संस्थापक **श्रवण शर्मा** ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को कम उम्र से ही अपनी सुरक्षा, अधिकारों और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुड टच-बैड टच जैसी जानकारी बच्चों को संभावित यौन शोषण, दुर्व्यवहार एवं अन्य असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान करने में सक्षम बनाती है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को गलत गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने, समय रहते सहायता प्राप्त करने तथा सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ने के लिए सशक्त बनाते हैं। उन्होंने बताया कि शांति देवी फाउंडेशन का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है।

# बिना हेलमेट कार का कटा चालान, बिलासपुर ट्रैफिक पुलिस पर फर्जी चालान का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इंजीनियर्स के कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर के डियारा सेक्टर निवासी राजीव शर्मा ने बिलासपुर ट्रैफिक पुलिस पर फर्जी चालान काटने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के चालानों से आम लोगों और वाहन चालकों में असमंजस का माहौल बन रहा है। राजीव शर्मा ने बताया कि 16 जून 2026 को सुबह 9:18:56 बजे उनके मोबाइल पर एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें बिना हेलमेट वाहन चलाने का चालान दर्शाया गया था और 1000 रुपये जुर्माना भरने को कहा गया। हैरानी की बात यह है कि चालान मोटरसाइकिल का दिखाया गया, जबकि उसमें दर्ज वाहन नंबर उनकी वेन्यू कार (HP24E 2223) का है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार चालान के साथ संबंधित फोटो या अन्य साक्ष्य होना चाहिए, लेकिन इस चालान में कोई छायाचित्र उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं, जिस समय चालान किया गया बताया गया है, उस समय उनकी गाड़ी घर पर खड़ी थी। मैसेज मिलने के बाद जब राजीव शर्मा शहर पुलिस चौकी पहुंचे और जानकारी ली, तो उन्हें बताया गया कि यह गलती से हुआ है और चालान निरस्त कर दिया जाएगा। हालांकि, जब उन्होंने चालान की इमेज मांगी, तो वह भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। राजीव शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति इस प्रकार के मामलों में सजग नहीं होता और कई लोग बिना जांच-पड़ताल के ही चालान भर देते हैं। खासकर दूर-दराज के वाहन चालक समय के अभाव में सीधे भुगतान कर देते हैं, जिससे उन्हें अनावश्यक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस चालान को निरस्त नहीं किया गया

# बरमाणा में साई वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर के मेडलिस्ट खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

**मोर्चा**

**अस्मिता लीग व नेशनल प्रतियोगिता में दर्जनों पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों पर क्षेत्रवासियों ने जताया गर्व**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** साई वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर बरमाणा के खिलाड़ियों ने अस्मिता नॉर्थ जोनल महिला लीग एवं नेशनल जूनियर-सब-जूनियर कैनोइंग-कायकिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। यह प्रतियोगिताएं छत्तीसगढ़ के सेंड लेक में आयोजित हुई थीं। खिलाड़ियों में सानिया ठाकुर, दृष्टि, कशिश, शायना ठाकुर, इशिता और मीनाक्षी सहित अन्य प्रतिभाओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अस्मिता लीग में खिलाड़ियों ने K1, K2 और K4 टीम इवेंट्स में स्वर्ण व रजत पदक जीते, जबकि नेशनल चैंपियनशिप में भी कई खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। टीम इवेंट्स में विशेष रूप से K4 और K2 स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। जूनियर व सब-जूनियर वर्ग में खिलाड़ियों ने 200, 500 और 1000 मीटर रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से लौटने पर बरमाणा स्थित साई सेंटर में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह बिलासपुर कायकिंग-कैनोइंग संगठन के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

# दांवी घाटी ऐतिहासिक मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और भाईचारे का प्रतीकः सुरभि ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** ऐतिहासिक दांवी घाटी झंडा मेले का शुभारंभ जिला पार्षद अधिवक्ता सुरभि ठाकुर ने विधिवत पूजा.अर्चना और झंडा रस्म अदा कर किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने ढोल.नगाड़ों की गूंज के बीच उनका भव्य स्वागत किया। झंडा मेले के शुभारंभ अवसर पर जिला पार्षद सुरभि ठाकुर ने परंपरागत विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना की तथा झंडा फहराकर मेले के सफल आयोजन की कामना की। उन्होंने कहा कि दांवी घाटी का यह ऐतिहासिक मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासतए धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से जहां पुरानी परंपराएं जीवंत रहती हैं, वहीं नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ.साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती प्रतियोगिताएं रहेंगी। जिसमें क्षेत्र के पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा अन्य खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। जिससे युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति द्वारा मेले को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं और आगंतुकों के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, पंचायत प्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने जिला परिषद सदस्य सुरभि ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी रहनुमाई में मेले का शुभारंभ होना गौरव की बात है। इस अवसर पर भाजपा नेता रोशन ठाकुर, मेला कमेटी अध्यक्ष व पंचायत प्रधान कोटला सुमन ठाकुर, सहित आदि।

# शैड व्यवस्था करने पर पीसीसी महासचिव विवेक कुमार का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** विकास खण्ड झंडूत्ता की ग्राम पंचायत बड़गांव में स्थानीय लोगों द्वारा आभार व धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामवासियों द्वारा सबसे पहले बड़गांव के पज्याल जख से कार्यक्रम स्थल तक ढ़ोल नगाड़ों व फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत के साथ मुख्यातिथि विवेक कुमार को सभा स्थल तक ले जाया गया। ततपश्चात ग्रामवासियों द्वारा मुख्यातिथि को शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों ने धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए कहा कि गांव गट्टी के इस धार्मिक स्थल पर पिछले 50 वर्षों से इस स्थान पर श्रीमद् भागवत, विवाह शादियां वह अन्य धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं। लेकिन छत न होने के कारण बरसात व अन्य मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्राम वासियों ने इस समस्या को विवेक कुमार के सामने रखा और उन्होंने इस धार्मिक स्थल पर शैड डलवाने की बात कही थी और उन्होंने 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करके इस कार्य को पूर्ण करवाया। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए व बधाई देते हुए कहा कि यह लोगों का मौलिक अधिकार है! उन्होंने कहा की बड़गांव से लेकर वाया गट्टी फटोह सड़क पर शीघ्र ही टायरिंग का कार्य शुरू करवा दिया

# कमाल की तैयारी-2026 के तहत तीन आंगनवाड़ी सह प्री-स्कूलों में सजा समर मेला



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** बाल विकास परियोजना धर्मपुर के अंतर्गत 'कमाल की तैयारी-2026' अभियान के तहत तीन आंगनवाड़ी सह प्री-स्कूलों में समर मेले का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन आंगनवाड़ी सह प्री-स्कूल संधोल ( संधोल सर्किल ) आंगनवाड़ी सह प्री-स्कूल गियून (मंडप सर्किल) तथा आंगनवाड़ी सह प्री-स्कूल कांगू का गहरा (चौलथरा सर्किल) में किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर घनी राम ने बताया कि यह कार्यक्रम आईसीडीएस परियोजना धर्मपुर में संचालित 'कमाल की तैयारी-2026' समर कैंप अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों की आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को सुदृढ़ करना तथा विद्यालय में प्रवेश से पूर्व आवश्यक दक्षताओं का विकास करना है। उन्होंने बताया समर मेले का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, भाषा एवं गणितीय कौशल, रचनात्मक गतिविधियों तथा खेल-खेल में सीखने की अवधारणा को बढ़ावा देना रहा। मेले में बच्चों ने विभिन्न शिक्षण गतिविधियों, खेलों, कहानी-कथन, चित्रकला तथा भाषा एवं गणित आधारित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया

# सरकारी स्कूलों में चलाई जा रही नाट्य कार्यशालाओं में तीसरी नाट्य कार्यशाला का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** एक्टिव मोनल कल्चरल ऐसोसिएशन कुल्लू द्वारा आसपास के सरकारी स्कूलों में चलाई जा रही नाट्य कार्यशालाओं में तीसरी नाट्य कार्यषाला का समापन पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठषाला भुन्तर में प्रतिभागी बच्चों के साथ कार्यषाला में तैयार किए गए लघु नाटक 'उजबक राजा तीन डकैत' के मंचन के साथ हुआ। संस्था के रंगकर्मी रेवत राम विक्की ने इस कार्यशाला का संचालन किया था और 25 बच्चों ने इस कार्यषाला में नाट्य विधा की बारीकियों को सीखा। नाटक का प्रस्तुतिकरण विद्यालय परिसर में छात्रों तथा अध्यापकों के समक्ष किया गया और प्रतिभागी बच्चों ने अपने सुदृढ़ अभिनय से दर्षकों का मन मोहा। नाटक की षुरूआत राजा के मंहगे कपड़ों के षौक से होती है, जिसमें राजा प्रजा की फिक्र छोड़ कर अपनी पोषाकें बदलने में ही व्यस्त रहता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब राज्य में तीन चालाक ठग आते हैं और राजा को एक जादुई पोषाक सिलने का झांसा देते हैं। वे कहते हैं कि यह कपड़ा केवल बुद्धिमानों को ही दिखेगा और बेवकुफों को नहीं। इस तरह से वे ठग उसे कुछ नहीं पहनाते और कहते हैं कि यह सिर्फ बुद्धिमानों को ही दिखता है। राजाअपने आप को बेवकूफ साबित नहीं करना चाहता और वैसे ही चलता है। सब बड़े लोग कहते हैं कि वाह क्या सूट है! वे ऐसा इसलिए कहते हैं कि वे राजा के सामने अपने आप को बेवकूफ साबित नहीं करना चाहते परन्तु एक अबोध बच्चा कहता है कि राजा नंगा है।

# योग दिवस पर सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित : अश्वनी कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने आम नागरिकों व विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6:30 बजे ढालपुर स्थित रथ मैदान, कुल्लू में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल्लू के विधायक सुन्दर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन और तैयारियों को लेकर बचत भवन में बैठक का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आधार है और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि योग दिवस का आयोजन जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए एक दिन पूर्व ही ढालपुर मैदान में आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मैदान में दरी-पट्टी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि योग दिवस में आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों से स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने तथा बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास करने की

# तीसरी बार जिला कांग्रेस के महासचिव बने अधिवक्ता अनुराग शर्मा

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता अनुराग शर्मा को लगातार तीसरी बार महासचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी हाईकमान ने उनकी कार्यशैली और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपी है। अनुराग शर्मा इससे पहले भी दो कार्यकालों में महासचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने के साथ-साथ जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े अनुराग शर्मा ने जिला स्तर पर पार्टी को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने और संगठन को

# मल निकासी योजना का भूमि पूजन संपन्न, क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी परियोजनाः अनुराधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने आज हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग की बहुप्रतीक्षित केलांग मल निकासी (सीवरेज) योजना का विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।अधिशासी अभियंता अजय गुप्ता ने विधायक अनुराधा राणा का पारंपरिक रीति से स्वागत किया और परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी । अपने संबोधन में विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि आज का दिन लाहौल-स्पीति, विशेषकर केलांग क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि वर्षों से लंबित केलांग सीवरेज योजना का कार्य आखिरकार शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से केलांग तथा बिलिंग क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और क्षेत्र में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि केलांग सीवरेज योजना के साथ-साथ काजा सीवरेज योजना तथा काजा स्टेडियम परियोजना के कार्य भी शीघ्र आरंभ किए जाएंगे। विधायक ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए जल शक्ति विभाग की पूरी टीम को बधाई दी तथा राज्य एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह योजना साकार हो रही है। विधायक ने कहा कि शाकस नाला की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है तथा अब प्रशासन और संबंधित विभागों का ध्यान उटी नाला एवं बिलिंग नाला के सुधार और सफाई कार्यों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केलांग नगर को स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और क्षेत्र से जुड़े सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि केलांग में पार्किंग की समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द इसका समाधान सामने आएगा।

# मंडी जिला सम्मानित, रक्त आधान सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार




**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 16 जून, 2026 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित नेशनल लेवल एनजीओ कॉन्क्लेव ऑन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेंटर को रक्त आधान सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। देशभर के राज्यों से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्लड सेंटरों का चयन किया गया, जिसमें मंडी ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए यह सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जोनल अस्पताल मंडी को 'आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस इन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज' के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत रक्त आधान सेवाओं के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र में सुरक्षित रक्त प्रथाओं को बढ़ावा देने तथा रक्त आधान सेवाओं को सुदृढ़ करने में मंडी के योगदान की सराहना की गई है। यह उपलब्धि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के नेतृत्व में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा प्रभारियों, जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेंटर की टीम, स्वैच्छिक रक्तदाताओं तथा रक्तदाता संगठनों के निरंतर सहयोग और समर्पण का परिणाम है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस उपलब्धि पर जोनल अस्पताल मंडी और ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेंटर की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक संस्थान का नहीं, बल्कि पूरे मंडी जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक संगठनों और रक्तदाताओं ने मिलकर सराहनीय कार्य किया है। इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है कि मंडी आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला प्रशासन भविष्य में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रक्त आधान सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

# 21 जून को लुहणू इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर**

जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक लुहणू इंडोर स्टेडियम,बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार करेंगे। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुखविंदर कौर ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया जाएगा। कार्यक्रम में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया जाएगा । उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

# ऑटो किराया बढ़ाने की मांग, बढ़ती महंगाई के बीच गुजारा करना हुआ मुश्किल : कमलेश शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन मंडी ने डीजल और पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों के चलते ऑटो किराया (रेट लिस्ट) में संशोधन की मांग उठाई है। इस संबंध में यूनियन ने उपायुक्त मंडी को ज्ञापन सौंपकर जल्द नई किराया दरें लागू करने का आग्रह किया है। यूनियन के प्रधान कमलेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में ऑटो चालक पुराने किराए पर ही यात्रियों को सेवाएं दे रहे हैं, जबकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा वाहनों के कलपुर्जों, स्पेयर पार्ट्स, इंश्योरेंस और रखरखाव पर होने वाला खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में ऑटो चालकों के लिए अपने परिवार का पालन-पोषण करना और दैनिक खर्च पूरे करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा किराया दरों में काफी समय से कोई संशोधन नहीं किया गया है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। बढ़ती लागत के कारण पुराने किराए पर वाहन संचालन आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण बन गया है। यूनियन पहले भी प्रशासन के समक्ष किराया दरों में संशोधन का मामला उठा चुकी है, लेकिन अभी तक नई रेट लिस्ट को मंजूरी नहीं मिल पाई है। कमलेश शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि ऑटो चालकों की आर्थिक स्थिति और बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए किराया

# गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर मंडी में सजी छबील, गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार और अटूट लंगर



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर मंडी शहर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण भाव के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरु अर्जुन देव जी को सिख इतिहास में पहले शहीद गुरु के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने सत्य, मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था, जिसके सम्मान में हर वर्ष उनका शहीदी दिवस मनाया जाता है। मंडी के चौहट्टा बाजार में ठंडे पानी की छबील लगाई गई तथा राहगीरों और श्रद्धालुओं को हलवा-चने का प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने छबील का प्रसाद ग्रहण किया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी, मंडी में सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग डाले गए। इसके उपरांत भव्य कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगतों को निहाल किया। धार्मिक कार्यक्रमों के बाद संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मंडी के जनरल सेक्रेटरी गुरदीप सिंह ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी ने मानवता, भाईचारे और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी सिखों के पांचवें गुरु थे तथा उन्होंने आदि ग्रंथ के संकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुगल शासन के दौरान अत्याचारों के सामने झुकने के बजाय उन्होंने सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुए शहादत स्वीकार की।

# स्कोडा ऑटो ने नई कोडियाक आरएस एसयूवी लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया**

मंडी। स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी हाई-परफॉर्मेंस आरएस रेंज को नई कोडियाक आरएस के साथ और मजबूत करने जा रही है। 50 वर्षों से अधिक पुरानी आरएस विरासत और 125 वर्षों से ज्यादा के मोटरस्पोर्ट इतिहास पर आधारित यह नया मॉडल ब्रांड की परफॉर्मेंस-उन्मुख पहचान को और मजबूती देता है। 22 जून 2026 से बुकिंग के लिए उपलब्ध होने वाली कोडियाक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, शानदार मोटरस्पोर्ट कैरेक्टर, सात-सीटर लग्ज़री की बहुउपयोगिता और 4×4 तकनीक से लैस बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन मेल पेश करती है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, 'आरएस बैज 50 वर्षों से अधिक की वैश्विक परफॉर्मेंस विरासत का

# आश चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर में ऑक्यूपेशनल थेरेपी प्राप्त कर रहे बच्चों के अभिभावकों की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू,** आज आश चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर, कुल्लू में ऑक्यूपेशनल थेरेपी सेवाएँ प्राप्त कर रहे बच्चों के अभिभावकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों एवं थेरेपी टीम के बीच सहयोग को और अधिक सशक्त बनाना, बच्चों की प्रगति को बेहतर बनाना तथा सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करना था बैठक के दौरान बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका, घर पर दिए जाने वाले होम प्रोग्राम के नियमित पालन का महत्व तथा थेरेपी के बेहतर परिणामों के लिए परिवार और विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, आने वाले समय में थेरेपी सेवाओं के संचालन हेतु एक संरचित प्रणाली के बारे में भी जानकारी साझा की गई, जिससे प्रत्येक बच्चे को उसकी आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सहायता सुनिश्चित की जा सके। केंद्र की ओर से कहा गया कि बच्चों की वास्तविक और स्थायी प्रगति तभी संभव है जब थेरेपिस्ट और परिवार समान लक्ष्यों की दिशा में मिलकर कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने अपने विचार साझा किए तथा अपने बच्चों के विकास एवं भविष्य के लिए निरंतर सहयोग और सहभागिता का विश्वास व्यक्त किया। केंद्र का विश्वास है कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से एक ऐसी थेरेपी प्रणाली विकसित की जा सकती है

# खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, शारीरिक दक्षता और खेल भावना का होता है विकास-संजय अवस्थी

आयोजित

## ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में दंगल आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में प्राचीन व आधुनिक खेल अहम भूमिका निभाते हैं। संजय अवस्थी गत देर सांय अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़लाघाट द्वारा आयोजित दंगल समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्राचीन खेल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग हैं। इन खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, शारीरिक दक्षता और खेल भावना का विकास होता है। उन्होंने युवाओं से पारंपरिक खेलों को अपनाने और इन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और नशे से दूर रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कदम उठाएं गए हैं। एंटी चिट्टा जागरूकता अभियान ऐसा ही एक सकारात्मक कदम है। इस अभियान के तहत युवाओं को व्यवहारिक रूप से मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्हें खेलों व शारीरिक व्यायाम के प्रति आकर्षित किया जा रहा है ताकि वह नशे से दूर रहकर अपना भविष्य उज्जवल बना सके।

विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों तक बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क नेटवर्क व अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में दाड़लाघाट अस्पताल में मेडिकल व पैरामेडिकल कर्मियों के रिक्त पदों को भरने के लिए उच्च स्तर पर मामला उठाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिलाया कि दाड़लाघाट में अर्की नागरिक अस्पताल की तर्ज पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति की जाएगी। संजय अवस्थी ने कहा कि खेल तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दाड़लाघाट में खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कर लिया गया है तथा इसके निर्माण के लिए औपचारिकताएं अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए दुकानें निर्मित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि दाड़लाघाट में युवाओं के लिए पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा ताकि युवा वर्ग अपने भविष्य की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकें।

विधायक ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ज़िला परिषद सदस्य दाड़लाघाट मीनाक्षी ठाकुर, ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के प्रधान श्याम चौधरी, ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के उप प्रधान हेमराज गौतम, ग्राम पंचायत बसंतपुर के उप प्रधान धनीराम, दी सोलन ज़िला सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ सीमित के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, बाघल लैंड लूजर ट्रक ओपरेटर सोसायटी दाड़लाघाट के प्रधान जगदीश ठाकुर, अम्बुजा-दाड़ला-कसलोग-माँगू परिवहन सहकारी सभा सीमित दाड़लाघाट के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला, कांग्रेस पार्टी के मोहन ठाकुर, राजेंद्र कंवर, नरेन्द्र सिंह चौधरी, मेला समिति के प्रधान सुरेन्द्र शुक्ला, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच, तहसीलदार दाड़लाघाट प्रेमलाल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की नई कार्यकारिणी घोषित, संगठन को मजबूत करने पर जोर

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की अध्यक्षा अंजना धीमान ने नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की है। यह गठन हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार के अनुमोदन तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की स्वीकृति के बाद किया गया है। संगठन महासचिव विनोद जिंटा की ओर से इस संबंध में औपचारिक अधिसूचना जारी की गई है। अंजना धीमान ने बताया कि कार्यकारिणी के गठन से पहले जिले के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सभी के सुझावों को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित और प्रभावी टीम तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नई टीम में अनुभवी नेताओं के साथ युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को स्थान दिया गया है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जा सके। यह कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने, बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। अंजना धीमान ने विश्वास जताया कि नवगठित कार्यकारिणी संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगी और जिले में कांग्रेस की गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान करेगी।

# जनता के जनादेश को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर करवाने पड़े चुनाव : डॉ. राजीव बिंदल



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2025 में संपन्न हो जाने चाहिए थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने संविधान और जनभावनाओं दोनों को ताक पर रखकर चुनावों को जानबूझकर टालने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पहले से ही अंदेशा था कि जनता उनकी सरकार को नकारने वाली है, इसलिए कांग्रेस चुनावों से भागती रही। डॉ. बिंदल ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई और जैसे ही चुनाव हुए, कांग्रेस की वास्तविक स्थिति प्रदेश के सामने आ गई। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस सरकार जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले दावा किया था कि उन्होंने 80 प्रतिशत सीटें जीत ली हैं, लेकिन आज वास्तविकता सामने आ चुकी है।

जिला परिषद चुनावों में प्रदेश के 12 में से 11 जिलों में भाजपा स्पष्ट बहुमत और मजबूत स्थिति में है, फिर भी कांग्रेस सरकार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है। नगर परिषदों के चुनावों में भी जानबूझकर देरी की गई, जिससे सरकार की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता उजागर हुई है। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ स्पष्ट जनमत दिया है। जनता ने भ्रष्टाचार, तानाशाही, टैक्सों की मार, कानून व्यवस्था की विफलता और विकास कार्यों में ठहराव के खिलाफ मतदान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने 2000 से अधिक संस्थानों पर ताले लगाए, जनता पर नए-नए करों का बोझ डाला और प्रदेश को विकास की बजाय अव्यवस्था की ओर धकेल दिया। उन्होंने विशेष रूप से सिरमौर जिले का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के करीबी नेताओं और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिले में भी जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। जिला परिषद की 17 सीटों में से 14 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुकी है। बिंदल ने कहा कि सिरमौर जिला स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और दवाइयों की भारी कमी है। ऑपरेशन थिएटर बंद पड़े हैं, वेंटिलेटर स्टोरों में धूल खा रहे हैं और मरीजों को हिमकेयर जैसी सुविधाओं से भी वंचित होना पड़

## नहाते समय गिरने से गई संगड़ाह के भाजयुमो नेता की जान

एसपी जैरथ

**नाहन।** उपमंडल मुख्यालय के रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा नेता जय प्रकाश उर्फ जेपी ठाकुर की बुधवार सुबह नहाते समय गिरने से मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़े जय प्रकाश को परिजनों द्वारा संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया वहीं परिवार द्वारा उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। जेपी के दोस्तों के अनुसार उसे न तो कोई बीमारी थी और न ही वह कोई नशा करता था।

वहीं 40 वर्षीय जेपी घर के अकेले कमाऊ सदस्य थे और उनकी मौत के बाद 3 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

# शिलाई निवासी फरार मुलजिम को लुधियाना से दबोचा



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** सिरमौर पुलिस के पीओ सेल ने अदालत द्वारा फरार घोषित मुजरिम को लुधियाना पंजाब से धर दबोचा है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि बुधवार को जिला सिरमौर पुलिस की पीओ सेल टीम द्वारा पुलिस थाना संगड़ाह के अभियोग संख्या 96/2021, धारा 373,376 भारतीय दंड सहिंता और धारा 6 पास्को एक्ट में वांछित उदघोषित अपराधी पिंकू श्च बंटी पुत्र श्री खजान सिंह, निवासी गांव डबौर, डाकघर टिम्बी, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर, हि0प्र0, को लुधियाना, पंजाब, से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । एसपी ने बताया कि मुजरिम पिंकू श्च बंटी के विरुद्ध पुलिस थाना संगड़ाह में आगामी कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जा रही है । मुजरिम को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### युवाओं को नशे से दूर रखने में समाज का सहयोग अपेक्षित-मनमोहन शर्मा




टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि नशे के विरुद्ध प्रभावी जन जागरूकता ही इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने का सशक्त माध्यम है। मनमोहन शर्मा आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में एंटी चिट्टा जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन समाज विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद तथा रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि आज नशा प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंच गया है। युवाओं को चिट्टा व अन्य मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए प्रशासन व नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। उन्होंने सभी से आग्रह किया नशे से जुड़ी किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को प्रशासन व पुलिस तक पहुंचाएं ताकि इसे रोका जा सके। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को गुप्त रखा जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि ज़िला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से एंटी चिट्टा अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है ताकि नशे पर रोक लगाई जा सके।

मनमोहन शर्मा ने अध्यापकों व अभिभावकों से भी आग्रह किया कि बच्चों पर ध्यान दें। बच्चों की आदतों, मेलजोल व अन्य कार्यों पर नज़र रखें

### वानिकी शिक्षा एवं अनुसंधान में सहयोग की दिशा में आगे बढ़े नौणी विवि और एफआरआई



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**नौणी/देहरादून:** भारत में वानिकी शिक्षा एवं अनुसंधान को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ), नौणी के कुलपति प्रो. एच.एस. बवेजा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून का दौरा किया। इस दौरान शिक्षण, अनुसंधान, प्रसार शिक्षा तथा उद्योग सहभागिता के क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग और व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने एफआरआई के विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की। वार्ता का मुख्य उद्देश्य ऐसे संयुक्त कार्यक्रमों की संभावनाओं का पता लगाना था, जो देशभर में वानिकी शिक्षा, अनुसंधान तथा विस्तार गतिविधियों को नई दिशा प्रदान कर सकें। नौणी के प्रतिनिधिमंडल में अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य, वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सी.एल. ठाकुर, पादप रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल हांडा, पुष्प विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एस. दिल्टा, संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. विशाल राणा तथा सिल्वीकल्चर एवं वानिकी विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित वशिष्ठ शामिल थे। एफआरआई की ओर से डॉ. दिनेश कुमार, डीन (अकादमिक), डी.पी. खली, समूह समन्वयक (अनुसंधान), डॉ. अजय ठाकुर, वैज्ञानिक-जी, एफआरआई तथा विभिन्न प्रभागों के अध्यक्षों ने बैठक में भाग लिया। दोनों संस्थानों के बीच हुई चर्चा का केंद्र संयुक्त शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यक्रमों का विकास रहा। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में पाठ्यक्रम विकास, संकाय आदान-प्रदान, छात्र गतिशीलता कार्यक्रम तथा जैव विविधता संरक्षण, जलवायु-अनुकूल सिल्वीकल्चर, कार्बन संचयन, कृषि वानिकी प्रणालियाँ, आक्रामक प्रजातियों का प्रबंधन, गैर-काष्ठ वन उत्पाद और वन आनुवंशिक संसाधनों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ शामिल हैं। दोनों संस्थानों ने प्रसार शिक्षा एवं सामुदायिक पहुंच कार्यक्रमों को मजबूत बनाने में भी रुचि व्यक्त की,

# पंचायत समिति धर्मपुर में भाजपा का परचम, कंडाघाट में काँग्रेस भाजपा के 'दोस्ती फॉर्मूला' से बंटे अध्यक्ष उपाध्यक्ष के पद



टीम एक्शन इंडिया
योगेश शर्मा

**कण्डाघाट।** वीरवार को सोलन के कंडाघाट और धर्मपुर में पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर चुनाव होना था लेकिन कंडाघाट में जहां भाजपा काँग्रेस ने दोस्ती का फॉर्मूला लगाकर अध्यक्ष उपाध्यक्ष का पद आपस मे बांटा तो वहीं दूसरी तरफ धर्मपुर पंचायत समिति में भाजपा ने दोनों पदों पर कब्जा किया। धर्मपुर पंचायत समिति में मुकाबला वोटिंग से तय हुआ। भाजपा के सूरज ठाकुर ने कांग्रेस के सुनील को हराकर चेयरमैन पद जीता। वहीं वाइस चेयरमैन की सीट पर भाजपा के हरविंद्र सिंह ने कांग्रेस के देवराज को मात दी। जीत के बाद कसौली भाजपा कार्यकर्ताओं ने धर्मपुर में जश्न मनाया और विजयी रैली निकाली। पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. राजीव सहजल ने कहा, 'पंचायती राज और निकाय चुनावों में भाजपा की जीत का सिलसिला जारी है। लोगों का कांग्रेस सरकार से मोहभंग हो चुका है। आने वाला समय भाजपा का है। यह जीत कार्यकर्ताओं की एकजुटता का प्रतीक है। राजीव सहजल ने कहा कि आज धर्मपुर ब्लॉक समिति के चुनाव में 17 में से भाजपा के 9 बीडीसी सदस्य से एक साथ थे, जिन्होंने इस चुनाव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर एक कार्यकर्ता ने इस जीत को लेकर कार्य किया है। इस जीत में सबका श्रेय रहा। उन्होंने कहा कि आज मेहनत का फल भाजपा को सोलन ब्लॉक समिति के बाद कसौली धर्मपुर ब्लॉक समिति में भी मिला है। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी धर्मपुर ब्लॉक समिति में भाजपा का कब्जा था और इस बार भी भाजपा ने यहां कब्जा किया है।

# ज़िला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का परवाणू दशहरा ग्राउंड में किया जाएगा आयोजित-राहुल जैन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2026 को पूरे देश तथा प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिला में भी आयोजित किया जाएगा। राहुल जैन आज यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

राहुल जैन ने कहा कि इस वर्ष ज़िला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सोलन ज़िला के परवाणू के सेक्टर 5 स्थित दशहरा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का इस वर्ष का विषय 'वृद्ध अवस्था के लिए स्वस्थ योग' रख गया है।

उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज़िला में स्थापित सभी आयुष विभाग के संस्थाओं पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राहुल जैन ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ शरीर आवश्यक है और इस दिशा में योग महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में प्रतिदिन प्रातः 06.00 बजे से प्रातः 07.00 बजे से योग कक्षाएं आयोजित की जाती है। उन्होंने लोगों से इन योग कक्षाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की।

ज़िला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, ज़िला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा, ज़िला नोडल अधिकारी (योग) डॉ. मंजेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिग द्वारा स्कूटी चलाने पर जब पुलिस ने चालान किया तो मां-बाप ने पुलिस से की हाथापाई, केस दर्ज

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** बिना हेलमेट नाबालिग स्कूटी चालक का चालान किया तो पति - पत्नी ने पुलिस कर्मी को पीटा मामला दर्ज हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक मामला सामने आया है। रामपुरघाट क्षेत्र में बिना हेलमेट स्कूटी चला रहे एक नाबालिग को पुलिस ने जांच के दौरान रोका। नाबालिग के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था, जिसके चलते पुलिस कर्मी प्रदीप कुमार ने उसका चालान काट दिया। चालान किए जाने से नाराज नाबालिग और उसके साथ मौजूद मां सविता पुलिस कर्मी से बहस करने लगे। आरोप है कि बाद में उन्होंने किसी को फोन कर मौके पर बुलाया।

कुछ ही देर में महिला का पति सचिन वहां पहुंच गया और दोनों ने मिलकर पुलिस कर्मी के साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सविता और सचिन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मामले में शामिल नाबालिग को डिटेन किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धर्मशाला निगम में शपथ अटकी, भाजपा ने फूंके मुख्यमंत्री-आयुक्त के पुतले



टीम एक्शन इंडिया

**धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला चुनाव 17 मई को हुए और परिणाम 31 मई को घोषित हुए, लेकिन नवनिर्वाचित पार्षदों की शपथ अब तक नहीं हो पाई है। शपथ में देरी से नाराज भाजपा समर्थित पार्षदों ने वीरवार को स्मृद्धि भवन के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री और निगम आयुक्त के पुतले जलाए गए। पुलिस बल तैनात था, लेकिन प्रदर्शनकारियों को रोक नहीं सका। बाद में पुलिस ने जलते पुतलों को हटवाया। भाजपा पार्षदों का कहना है कि शपथ न होने से वार्ड की समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं और जनता को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केंद्र की योजनाओं का श्रेय ले रही है और निगम में राजनीतिक दबाव से काम हो रहा है। कोतवाली बाजार के फव्वारा चौक पुनर्विकास कार्य का जिक्र करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि विधायक निधि से कराए गए कार्य का उद्घाटन मुख्यमंत्री के नाम की पट्टिका लगाकर किया गया, जो गलत परंपरा है। प्रदर्शन में भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष भवनेश चौधरी, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु सहित कई पार्षद व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आंजभोज के धनला गाँव में उमड़ा आस्था का सैलाब



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** सिरमौर जिला के आंजभोज क्षेत्र के धनला गांव में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां आयोजित शांत महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दरअसल यहां सदियों से विराजमान शिरगुल देवता और विजट महाराज के नए मंदिर का निर्माण किया श्रद और इसी उपलक्ष्य पर यहां शांत महायज्ञ आयोजित हुआ। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से देवताओं की छड़ियां भी धनला पहुंचीं। आज नए मंदिर में शिरगुल महाराज और विजट महाराज की विधिवत प्रतिष्ठा की गई। हजारों लोग इस ऐतिहासिक और धार्मिक पल के साक्षी बने। आंज भोज के धनला गांव में आयोजित शांत महायज्ञ के अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। धार्मिक अनुष्ठानों और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हजारों श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कई सदियों के बाद यहां विजट महाराज और शिरगुल के नए मंदिर का निर्माण हुआ है और इस उपलक्ष पर शांत महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसके लिए पिछले लंबे समय से तैयारी चल रही थी। लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार यहां पर धार्मिक कार्यक्रम चल रहे थे साथ ही यह क्षेत्र में एकमात्र ऐसा धार्मिक स्थल है जहां शिरगुल और विजट महाराज दोनों ही विराजमान है। लोगों ने बताया कि शांत महायज्ञ के दौरान क्षेत्र के कई गांव के देवी देवताओं को भी धनवा गांव में आमंत्रित की गई थी और लोगों को एक साथ कई देवताओं के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। जिला सिरमौर के धनला गांव में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां आयोजित शांत महायज्ञ में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। बताते है कि जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के आंज भोज के धनला में शांत महायज्ञ में न केवल जिला सिरमौर, बल्कि शिमला और उत्तरांचल से भी हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। गौर हो कि धनला स्थित गांव में शिरगुल महाराज और बिजट महाराज का संयुक्त मंदिर है। जहां पर शांत महायज्ञ आयोजित किया गया।

# शराब तस्करी के 3 मामलों में 29 बोतलों के साथ आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** पुलिस ने अवैध शराब के धंधे में लगे तस्करों के खिलाफ 3 अलग अलग मामलों में अवैध रूप से लेजाई जा रही 29 शराब की बोतलें बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी ।अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना काला अम्ब की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर ,रूचिरा से रामपुर जट्टान जाने वाले लिंक रोड, नजदीक पार्किंग पर एक व्यक्ति सफेद बोरा उठाकर बाजार की तरफ से आ रहा था शक के आधार पर पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र मेघ सिंह, निवासी रामपुर जट्टान, डा0 कालाआम्ब, तहसील नाहन, जिला सिरमौर हि0 प्र0 बताया ।तलाशी के दौरान अशोक कुमार के कब्जे से 1 गत्ते पेटी से 9 बोतल देशी शराब बरामद हुई। जिस पर उक्त आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना काला अम्ब मे धारा 39(1)(a) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। नेगी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस थाना पच्छाद की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कुमारहट्टी-नाहन सड़क, नजदीक पानवा श्री भुरेश्वर महादेव मंदिर गेट पर एक व्यक्ति अपने कन्धे पर सफेद रंग का थैला उठाकर श्री भुर्शिंग महादेव की तरफ पैदल जा रहा था शक के आधार पर पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम पंकज कुमार पुत्र श्री गौतम प्रकाश, निवासी गांव कोठीदेव, डाकघर नैनाटिक्कर, तहसील पच्छाद, जिला सिरमौर, हि0प्र0 बताया।

## ज्वाली के स्वर्णकार 5दिन दुकानें बंद रखेंगे

टीम एक्शन इंडिया

**ज्वाली।** ज्वाली उपमंडल के सर्राफा एवं स्वर्णकार व्यापारियों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते अपनी दुकानों को पांच दिनों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। ज्वाली स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सुभाष धवन ने बताया कि ज्वाली क्षेत्र अंतर्गत ज्वाली, धन भरमाड,पट्टा केहरियां तथा हरसर सभी सर्राफा एवं स्वर्णकार की दुकानें 24 जून से 28 जून 2026 तक बंद रहेंगी।

उन्होंने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य एवं खरीदारी छुट्टियों से पहलें ही निपटा लें ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

संपादकीय

# प्राचीन सनातन की अनुपम देन है योग

योग प्रकृति का वह वरदान है, जिसने अपना लिया इसे वह महान है।।..योग शब्द का उच्चारण होते ही हमारे मन में आसनों, प्राणायाम और ध्यान की छवि उभरती है, परंतु योग की वास्तविकता इससे कहीं अधिक गहरी, व्यापक और आध्यात्मिक है। योग न केवल शरीर और मन का संयोजन है, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन की प्रक्रिया है। इसके प्राचीनतम गूढ़ अर्थों की खोज हमें वैदिक और उपनिषदिक ग्रंथों में मिलती है, जहाँ योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि ब्रह्म से एकत्व का साधन है।संस्कृत में योग शब्द की उत्पत्ति धातु युज् से हुई है, जिसका अर्थ है जोड़ना, एकत्र करना या संयोजन। परंतु यह केवल बाह्य तत्वों को जोड़ने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की एक आध्यात्मिक यात्रा है।ऋग्वेद, जो विश्व का प्राचीनतम ग्रंथ है। यह ग्रंथ योग के बीज रूप में सूक्ष्म संकेत देता है - जहाँ ध्यान, एकाग्रता, और ब्रह्मचिंतन की बात की गई है।कठोपनिषद में योग को उस साधन के रूप में वर्णित किया गया है जिसके द्वारा जीवात्मा आत्मबोध और मोक्ष की ओर अग्रसर होती हैः-

तं योगमिति मन्यंते स्थिरमिन्द्रियधारणम् ।

अर्थात, इंद्रियों की स्थिरता को ही योग कहा गया है। वही पतंजलि योगसूत्र में गूढ़ परिभाषा में महर्षि पतंजलि ने योग के रहस्य को सूत्र रूप में प्रस्तुत किया है -

**योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः**

अर्थात योग वह है जिसमें चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाता है।प्राचीन ग्रंथों में योग केवल आसन या ध्यान नहीं था, बल्कि जीवन की समग्रता में एक दिव्य अनुशासन था। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग और ध्यानयोग जैसे मार्ग बताए।

**योगः कर्मसु कौशलम्**

इसका तात्पर्य यह है कि योग केवल ध्यान में बैठना नहीं, बल्कि जीवन के हर कर्म में संतुलन, विवेक और साक्षीभाव को धारण करना भी योग है।योग के प्राचीनतम गूढ़ अर्थ को केवल बौद्धिक रूप से समझना पर्याप्त नहीं इसे साधना अनुशासन और आत्मानुभूति द्वारा ही योग के प्राचीनतम गूढ़ अर्थ को केवल बौद्धिक रूप से समझना पर्याप्त नहीं, इसे साधना, अनुशासन और आत्मानुभूति द्वारा ही जाना जा सकता है। जब साधक अहंकार, वासनाएँ, और भौतिक इच्छाओं को पार कर चित्त की शुद्धता को प्राप्त करता है, तभी वह योग के उस शुद्धतम अनुभव को प्राप्त करता है - जहाँ अहम् ब्रह्मास्मि की अनुभूति होती है। योग कोई सीमित प्रक्रिया नहीं, बल्कि आत्मा और ब्रह्म के बीच की वह सेतु है जो जीवन को अज्ञानता से ज्ञान, अंधकार से प्रकाश और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले जाता है। इसके प्राचीनतम गूढ़ अर्थ को समझना केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि साधना, वैराग्य और आत्मनिष्ठा की मांग करता है।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# पाकिस्तानी साजिशों के निशाने पर हैं दिल्ली

**मनोज कुमार अग्रवाल**

> पांच आरोपितों की बुधवार को गिरफ्तारी और उससे पहले सात संदिग्धों की पकड़ा जाना यह संकेत देती है कि भारत के खिलाफ सीमा पार से चलाया जा रहा षड्यंत्र अव केवल पारंपरिक आतंकवाद तक सीमित नहीं रहा है। यह नेटवर्क अव स्थानीय अपराधियों, बेरोजगार युवाओं, गैंगस्टरों और डिजिटल माध्यमों के जरिए देश के भीतर अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहा है। पुलिस के अनुसार पाकिस्तान में बैठे हैंडलर शहजाद भट्टी और उसके सहयोगियों से जुड़े नेटवर्क के कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा लगातार दो दिनों में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ेपाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक कथित मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. ये आरोपी पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे रहे थे और युवाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ने का काम कर रहे थे. दिल?ली पुलिस के अनुसार इस्लामाबाद में ऑपरेट एक कथित आईएसआई कॉल सेंटर के जरिए भारतीय युवाओं को प्रभावित कर अपने जोड़ने की कोशिश की जा रही थी. गिरफ्तार आरोपियों को देश के विभिन्न राज्यों में पुलिस बलों को निशाना बनाने का टास्क दिया गया था. जांच के दौरान कई संदिग्ध वीडियो भी बरामद हुए हैं, जिनमें पुलिस बलों की रेकी और उनकी गतिविधियों से जुड़ी जानकारी रिकॉर्ड की गई थी. पुलिस का दावा है कि ये वीडियो पाकिस्तान भेजे गए थे. कथित मॉड्यूलों का पदार्फाश देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है।

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक कथित मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. ये आरोपी पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे रहे थे और युवाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ने का काम कर रहे थे.

दिल?ली पुलिस के अनुसार इस्लामाबाद में ऑपरेट एक कथित आईएसआई कॉल सेंटर के जरिए भारतीय युवाओं को प्रभावित कर अपने जोड़ने की कोशिश की जा रही थी. गिरफ्तार आरोपियों को देश के विभिन्न राज्यों में पुलिस बलों को निशाना बनाने का टास्क दिया गया था. जांच के दौरान कई संदिग्ध वीडियो भी बरामद हुए हैं, जिनमें पुलिस बलों की रेकी और उनकी गतिविधियों से जुड़ी जानकारी रिकॉर्ड की गई थी. पुलिस का दावा है कि ये वीडियो पाकिस्तान भेजे गए थे.

पांच आरोपितों की बुधवार को गिरफ्तारी और उससे पहले सात संदिग्धों की पकड़ा जाना यह संकेत देती है कि भारत के खिलाफ सीमा पार से चलाया जा रहा षड्यंत्र अव केवल पारंपरिक आतंकवाद तक सीमित नहीं रहा है। यह नेटवर्क अव स्थानीय अपराधियों, बेरोजगार युवाओं,



गैंगस्टरों और डिजिटल माध्यमों के जरिए देश के भीतर अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहा है। पुलिस के अनुसार पाकिस्तान में बैठे हैंडलर शहजाद भट्टी और उसके सहयोगियों से जुड़े नेटवर्क के कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन मॉड्यूलों को दिल्ली-एनसीआर और आसपास के राज्यों में पुलिसकर्मियों पर हमले, पोस्टरबाजी, ग्रैफिटी और संवेदनशील ठिकानों की रेकी जैसे काम सौंपे गए थे। यह मामला केवल कुछ गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि भारत के खिलाफ साजिशों का तरीका अव बदल रहा है। लंबे समय तक आतंकवाद का खतरा मुख्य रूप से सीमा पार से घुसपैठ, हथियारों कीइग आपूर्ति और प्रशिक्षित आतंकियों की गतिविधियों के रूप में देखा जाता था। लेकिन अब आईएसआई और उसके संरक्षण में सक्रिय आतंकी अपराधी नेटवर्क ने अपनी रणनीति को अधिक चालाक, अधिक छिपा हुआ और अधिक खतरनाक बना दिया है। अब लक्ष्य ऐसे युवाओं को फंसाना है, जिनका पहले कोई आतंकी रिकॉर्ड नहीं होता। ऐसे लोग सुरक्षा एजेंसियों कीडड निगरानी में आसानी से नहीं आते और इन्हें रेकी, हथियारों की बुलाई, प्रचार सामग्री लगाने या छोटे-छोटे हमलों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह है कि नेटवर्क इंटरनेट मीडिया, एन्क्रिप्टेड चैट एप्स, फर्जी सोशल मीडिया खातों और अस्थायी मोबाइल नंवरों का इस्तेमाल कर रहा है। बेरोजगार, आर्थिक रूप से कमजोर या अपराधी प्रवृत्ति के युवाओं को आसान पैसे, हथियारों, विदेश में बसाने या गैंग्स्टरों के रसूख का लालच देकर जाल में फंसाया जा रहा है। यह आतंकवाद का नया रूप है, जिसमें विचारधारा से अधिक लालच, अपराध और डिजिटल भ्रम का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह 'हाइब्रिड और प्रॉक्सी वार' की ऐसी शैली है, जिसमें दुश्मन सामने से नहीं, चल्कि समाज के भीतर कमजोर कड़ियों को इस्तेमाल कर हमला करने की कोशिश करता है। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसने कथित तौर पर ऐसे नेटवर्क को शुरूआती चरण में पकड़ने का दावा किया है। यदि ये मॉड्यूल सक्रिय रहते, तो इनके जरिए पुलिसकर्मियों पर हमले, अस्थिरता फैलाने वाली गतिविधियां और सोशल मीडिया आधारित प्रचार को बढ़ावा दिया जा सकता था। किसी भी देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों का मनोबल अत्यंत महत्वपूर्ण होत्ता है। ऐसे में में पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने की साजिश केवल कानून-व्यवस्था पर हमला नहीं, बल्कि राज्य की शक्ति और समाज के भरोसे को कमजोर करने की कोशिश भी है। आईएसआई की पुरानी रणनीति भारत में अशांति फैलाने के लिए अलगाववाद, आतंकवाद और सीमा पार नेटवर्क का इस्तेमाल करने की रही है। लेकिन अब इसमें गैंग्स्टर, हवाला, मादक पदार्थ तस्करी और डिजिटल भर्ती को जोड़ दिया गया है। पाकिस्तान में बैठे अपराधी तत्वों और आतंकियों का गठजोड़ भारत के लिए गंभीर खतरा चनता जा रहा है। दाऊद इब्राहिम जैसे पुराने अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से लेकर नए गैंग्स्टर समूहों तक, यदि ये सब आईएसआई के संरक्षण में भारत विरोधी गतिविधियों में लगते हैं, तो यह केवल पुलिस की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए केवल गिरफ्तारी काफी नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों को तकनीकी निगरानी, वित्तीय खुफिया तंत्र और स्थानीय सूचना नेटवर्क को और मजबूत करना होगा। सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रेडिक्टिव इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक साधनों का उपयोग बढ़ाना होगा। साथ ही, क्रिप्टोकरेंसी, हवाला और संदिग्ध बैंक लेन-देन पर कड़ी निगरानी आवश्यक है, क्योंकि ऐसे नेटवर्क पैसों के बिना लंबे समय तक काम नहीं कर सकते। इसके साथ ही समाज की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। किसी युवा के व्यवहार में अचानक बदलाव, संदिग्ध लोगों से संपर्क, अचानक आए पैसों का दिखावा या ऑनलाइन कट्टर और आपराधिक सामग्री से जुड़ाव, इन संकेतों को परिवार और समाज को गंभीरता से लेना होगा। कम्युनिटी पुलिसिंग को मजबूत कर स्थानीय स्तर पर पुलिस और जनता के बीच भरोसा बढ़ाया जाना चाहिए। यदि समाज सतर्क रहेगा, तो ऐसे नेटवर्क युवाओं को आसानी से अपने जाल में नहीं फंसा पाएंगे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी, राज्य पुलिस, आतंकवाद निरोधक इकाइयों और खुफिया एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल भी जरूरी है। कई बार ऐसे नेटवर्क एक राज्य से दूसरे राज्य तक फैले होते हैं। इसलिए सूचना साझा करने, संयुक्त कार्रवाई करने और गिरफ्तार आरोपितों से मिले डिजिटल डाटा का त्वरित विश्लेषण करने की व्यवस्था और तेज होनी चाहिए। जेलों से संचालित अपराधी नेटवर्क और विदेशों में बैठे गैंग्स्टरों की संपत्तियों पर भी कड़ा प्रहार जरूरी है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने कई बार दुश्मन की साजिशों को समय रहते नाकाम किया है। यह राहत की बात है, लेकिन संतोष का कारण नहीं। आने वाले समय में खतरा केवल सीमा पर नहीं, बल्कि मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, गेमिंग एप्स, फर्जी पहचान और स्थानीय अपराधी नेटवर्क के जरिए भी सामने आएगा। इसलिए सतर्कता, तकनीकी क्षमता और सामाजिक जागरूकता तीनों को साथ लेकर चलना होगा। आईएसआई का उद्देश्य भारत में भय, भ्रम और अस्थिरता फैलाना है।

# यूपी में शुरू हो गई चुनावी हलचल

**रोहित माहेश्वरी, स्वतंत्र पत्रकार**

**उत्तर** प्रदेश में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य की राजनीति में अभी से सरगर्मी दिखने लगी है और सभी दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। चुनावी समीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए पार्टियां लगातार सक्रिय हो रही हैं और जमीन स्तर पर तैयारियों को धार दे रही हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और अन्य दलों में चुनाव की तैयारियां साफ तौर पर दिखने लगी हैं। ओवैसी की पार्टी ने बहराइच में रैली करके सूबे के राजनीतिक ताप को बढ़ाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी में में लगातार बैठकों का दौर जारी है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पिछले महीने उत्तर प्रदेश में कैबिनेट का विस्तार किया गया और 6 नए मंत्रियों को शामिल किया गया, जबकि दो मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार भी दिया गया। बीजेपी इस बार भी गठबंधन के साथ ही चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल, निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी शामिल हैं। इस गठबंधन के जरिए बीजेपी प्रदेश के जातीय समीकरण को साधने में सफल रहती है। वहीं, इसकी काट के तौर पर अखिलेश यादव ह्यपीडीए' फॉर्मूला लेकर आए हैं, जिसका मतलब है पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का समीकरण। दूसरी तरफ, इंडिया गठबंधन की बात करें तो उत्तर प्रदेश में इसका स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। लेकिन दोनों पार्टियों के नेता बयानबाजी जरूर कर रहे हैं। बीते दिनों कांग्रेस के दो नेता बीएसपी प्रमुख मायावती से मिलने उनके घर भी पहुंचे, हालांकि मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बावजूद इस घटनाक्रम ने यूपी की राजनीति में हलचल बढ़ा दी। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने कहा कि वह सभी 403 सीटों पर अपनी तैयारी कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया। दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद कुछ राजनीतिक घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्हें इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा रहा। बंगाल में राहुल गांधी ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया, लेकिन ममता बनर्जी की हार के बाद अखिलेश यादव का कोलकाता जाकर उनके साथ खड़ा होना कांग्रेस को पसंद नहीं आया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एक सीट तृणमूल कांग्रेस को भी दी थी। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक नेताओं से बातचीत से यह संकेत मिलते हैं कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन तो होगा। लेकिन सीट बंटवारे पर कड़ी बातचीत होगी। बीती 8 जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेतृत्व के बीच यूपी चुनाव को लेकर बातचीत हुई है, ऐसी खबरें मीडिया में प्रसारित हुई हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में सपा 62 सीटों पर लड़ी और 37 जीती, जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ी और 6 सीटों पर जीत हासिल की। एक सीट तृणमूल कांग्रेस ने लड़ी थी।

विचार

# रामलला के पैसे की चोरीः आस्था पर घात, डगमगाया विश्वास

**अजय कुमार**

**अयोध्या** में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर से दान पात्र में चोरी की घटना ने एक साथ कई मोर्चों पर हलचल मचा दी है। करोड़ों रामभक्तों की आस्था को इस घटना ने गहरी ठेस पहुँचाई है तो उनका यह विश्वास भी टूट गया कि रामलला के मंदिर में ऐसा कुछ कभी हो ही नहीं सकता है, लेकिन इससे भी बड़ी चोट तब लगी, जब इस धार्मिक मसले को राजनीति की चाशनी में लपेटकर परोसा जाने लगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को हाथों-हाथ लपक लिया और भारतीय जनता पार्टी की हिन्दूवादी राजनीति पर निशाना साधने में जरा भी देर नहीं की। यह सवाल अपनी जगह वाजिब है कि जिस मंदिर के दर्शन के लिये अखिलेश यादव आज तक नहीं गये, उस मंदिर के दान पात्र से हुई चोरी पर उनकी तड़प और चिंता कितनी वास्तविक है और कितनी दिखावटी। जो नेता रामलला के दर्शन से परहेज करते रहे, वे अचानक मंदिर की सुरक्षा और प्रबंधन के पहरेदार बन बैठे हैं। इसमें सच्चाई कम, सियासी गणित ज्यादा दिखता है। सपा की इस सियासत से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिये 19 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या रामलला के मंदिर पहुँच रहे हैं, जहाँ वह पूरे घटनाक्रम को बारीकी से समझेंगे। उधर, अखिलेश यादव की मंशा साफ है। वे भाजपा की हिन्दुत्व की छवि को खंड-खंड करना चाहते हैं। भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया था। यह मंदिर केवल ईंट-पत्थर का ढाँचा नहीं, बल्कि भाजपा की राजनीतिक पहचान का आधार-स्तंभ है। जब उसी मंदिर में चोरी होती है, तो यह भाजपा के लिये केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि उसकी हिन्दुत्व की साख पर सीधा प्रहार बन जाता है। अखिलेश यादव इस कमजोर कड़ी को पकड़कर हिन्दू मतदाताओं के मन में यह संदेश डालना चाहते हैं कि भाजपा का हिन्दुत्व केवल चुनावी नारा है, व्यवहार में नहीं। इसके पीछे एक और सोचा-समझा राजनीतिक लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश में हिन्दू मतदाता कभी एकजुट नहीं रहे। उच्च जातियों, पिछड़े वर्गों और दलितों के बीच की खाई को समाजवादी पार्टी हमेशा अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश करती रही है। यदि अखिलेश इस घटना के माध्यम से हिन्दुओं के किसी तबके में यह धारणा बनाने में सफल हो जाते हैं कि भाजपा की सरकार में राम के घर में भी सुरक्षा नहीं, तो यह उनके लिये 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक फायदा होगा। लेकिन इस पूरे प्रसंग में असली सवाल यह है कि यह नौबत आई क्यों? श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय की भूमिका यहाँ बेहद अहम है। यदि वे इस घटना की जानकारी मिलते ही इसका खुलासा सार्वजनिक रूप से कर देते और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की बात करते, तो विपक्ष के पास आरोप लगाने की गुंजाइश ही नहीं बचती। जो घटना खुद उजागर की जाये, उस पर राजनीति करना कठिन होता है। लेकिन जब घटना को दबाने की कोशिश होती है और बाद में वह बाहर आती है, तो वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाती है। चंपत राय की यह अदूरदर्शिता महँगी पड़ी। इसी चूक ने अखिलेश को एक ऐसा हथियार थमा दिया, जिसे वे बार-बार भाँज सकते हैं। सपा की मंशा को भाँपकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए विशेष जांच दल का गठन किया है। यह कदम जरूरी था, लेकिन राजनीतिक नुकसान तो हो चुका था। जब तक जांच का आदेश आया, तब तक यह मुद्दा सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर आग की तरह फैल चुका था। मोदी और योगी दोनों की सरकारें इस मुद्दे पर बचाव की मुद्रा में दिखीं, जो आमतौर पर सत्ता पक्ष के लिये ठीक संकेत नहीं माना जाता। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बयानबाजी में भी अतिरंजना है। वे ऐसी बातें भी इस घटना से जोड़ रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई सम्बन्ध नहीं।

राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इससे उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते हैं। जो नेता कभी मंदिर के दर्शन नहीं करते, उनका मंदिर प्रेम अचानक चुनावी मौसम में जागता दिखे, तो जनता उसे पहचानती है। लाख टके का सवाल यह भी है कि यह मुद्दा क्या 2027 तक जीवित रह सकता है?


**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303



वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


व्यंग्य

# विस्थापन का दर्द और मानवता की परीक्षा

**विश्व** शरणार्थी दिवस केवल एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिवस उन करोड़ों लोगों के दर्द, संघर्ष और टूटे हुए सपनों की याद दिलाता है, जिन्हें युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक अस्थिरता, जलवायु संकट और भूख ने अपने ही घरों से बेघर कर दिया। शरणार्थी केवल सीमाएँ पार करने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने पीछे एक पूरा संसार छोड़कर चलने को विवश इंसान होता है। जब कोई व्यक्ति अपना घर छोड़ता है, तो वह केवल मिट्टी नहीं छोड़ता; वह अपनी स्मृतियाँ, रिश्ते, बचपन, संस्कृति और पहचान भी पीछे छोड़ देता है। शरणार्थी बनने का दर्द केवल भूख या बेघर होने का दर्द नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से कट जाने की असहनीय पीड़ा भी है। दुनिया के अनेक देशों में आज भी लाखों बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने कभी सुरक्षित बचपन नहीं देखा, जिनकी आँखों में खिलौनों की जगह बारूद और भय के दृश्य बस गए हैं। आज विश्व के कई हिस्से युद्ध और संघर्ष की आग में जल रहे हैं। कहीं बमबारी से शहर खंडहर बन रहे हैं, कहीं जातीय हिंसा इंसानियत को शर्मसार कर रही है, तो कहीं जलवायु परिवर्तन लोगों को अपने गांवों और खेतों से पलायन के लिए मजबूर कर रहा है। यह स्थिति बताती है कि आधुनिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद मानवता अभी भी शांति और संवेदना की सबसे बड़ी परीक्षा में असफल होती दिखाई दे रही है। शरणार्थियों की सबसे बड़ी त्रासदी यह होती है कि वे कहीं भी पूरी तरह अपने नहीं रह जाते। अपना देश उन्हें खो देता है और नया देश उन्हें संदेह की दृष्टि से देखता है। अस्थायी शिविरों में जीवन बिताते हुए वे भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करते हैं। अनेक महिलाएँ और बच्चे शोषण, तस्करी और हिंसा का शिकार बनते हैं। यह केवल राजनीतिक संकट नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का भी गंभीर प्रश्न है। विश्व शरणार्थी दिवस हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि आखिर ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न क्यों होती हैं जहाँ इंसान को अपनी जन्मभूमि छोड़ने पर मजबूर होना पड़ता है।

# आधुनिक जीवन की चुनौतियों का प्रभावी समाधान है योग

**अलका सिंह**

**आज** का युग अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति, तीव्र प्रतिस्पर्धा और व्यस्त जीवनशैली का युग है। आधुनिक सुविधाओं ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही मानसिक तनाव, चिंता, अनियमित दिनचर्या और अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे समय में योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति के रूप में सामने आता है। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया योग के महत्व को स्वीकार कर रही है और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रही है। मानव शरीर और मन के बीच गहरा संबंध होता है। जब यह संतुलन बिगड़ता है, तब अनेक प्रकार की शारीरिक और मानसिक समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, अवसाद, चिंता और कई अन्य तनावजनित बीमारियां आधुनिक जीवन की सामान्य चुनौतियां बन चुकी हैं। इन समस्याओं के समाधान की तलाश में दुनिया ने फिर से योग जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान की ओर रुख किया है। अनेक चिकित्सकीय और वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि योग शरीर और मन दोनों को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग को केवल कुछ आसनों या व्यायामों तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। यह जीवन को समझने और सही ढंग से जीने का विज्ञान है। योग व्यक्ति को अपने शरीर, मन और आत्मा के साथ सामंजस्य स्थापित करना सिखाता है। यह सप्ताह में एक बार की जाने वाली गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सतत प्रक्रिया है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। योग की विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और जीवनशैली के अनुसार मार्ग चुन सकता है। भारतीय परंपरा में हठ योग, राज योग, ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे अनेक मार्ग बताए गए हैं। कोई व्यक्ति प्राणायाम, ध्यान, आसन, विश्राम अथवा इन सभी का समन्वित अभ्यास कर सकता है। योग की यही लचीलापन उसे सार्वभौमिक बनाती है और हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध करती है।

# मप्र के स्कूलों में पढ़ाई जाएगी महाराणा प्रताप की जीवनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप की जीवनी अब स्कूलों में पढ़ाई जाएगी। हम महाराणा प्रताप के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने जा रहे हैं। इससे हमारी भावी पीढ़ी महाराणा की वीरता और देशभक्ति से प्रेरणा लेगी।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार शाम को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर भोपाल के महाराणा प्रताप नगर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जिसने महाराणा प्रताप की जयंती पर अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन वीरता, शौर्य, पराक्रम, त्याग का प्रतीक है। उनका नाम स्मरण करते ही मन श्रद्धा से भर जाता है। महाराणा प्रताप ने तमाम कठिनाइयों के बीच भी 'राष्ट्र प्रथम' को सर्वोपरि रखा। समाज का हर वर्ग देश की अस्मिता और आत्म सम्मान के लिए महाराणा प्रताप को एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिर्फ.एक राजा नहीं, स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के अनुपम प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहस और वीरता मनुष्य का आभूषण है। यह पराक्रमी राजा का नैसर्गिक गुण होता है। महाराणा प्रताप वीरता के पर्याय हैं। उन्होंने जीवन में अनेक कष्ट सहे, पर अपने लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुए। उनका जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है। सिसोदिया-राजपूत-क्षत्रिय समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महान योद्धा महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज के प्रतिभाशाली डाक्टर, युवाओं, खिलाड़ियों और समाजसेवियों को मंच से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड का गठन किया है और आज इसी बोर्ड के माध्यम से यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम किया गया है। हमारी सरकार महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करते हुए इसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सेना और पुलिस बल में युवाओं की भर्ती के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से ३पार्थ योजना३ की शुरूआत की है। इसके अंतर्गत तैयारी कर रहे युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश के अधिकांश जिले इस योजना के दायरे में ले लिए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि क्षत्रिय समाज के सभी युवाओं को भी इसी योजना में पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए व्यवस्थित प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इंटर्नशिप की व्यवस्था और समायोजन के लिए भी प्रभावी पहल की जाएगी।





## भोपाल में जल्द होगा महाराणा प्रताप लोक का लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि महाराणा प्रताप लोक निर्माण का शेष कार्य तेजी से पूरा कराकर इसका बहुत जल्द लोकार्पण किया जाएगा। म.प्र.पर्यटन विकास निगम और महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के समन्वय से सरकार महाराणा प्रताप के स्वर्णिम अतीत को दुनिया के सामने लाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के सभी देशों में अपना अग्रणी स्थान बना रहा है। हमारी सरकार विरासत से विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए भारत के गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप अद्वितीय वीरता, शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणा स्त्रोत हैं। आज इस जयंती समारोह में महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के बैनर तले संपूर्ण क्षत्रिय समाज एक मंच पर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत बलशाली महाराणा प्रताप का कवच 72 किलो और भाला 80 किलोग्राम वजनी था। यह उनके अद्भुत व्यक्तित्व का परिचायक है। उन्होंने हर युद्ध में महान शौर्य दिखाया। उनके घोड़े ३चेतकर के साथ उनके लगाव की कहानियां सुनकर मन रोमांचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का जो संकल्प दिया है, उसकी प्रेरणा हमें महाराणा प्रताप से ही मिलती है। महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि, संस्कृति और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया, परंतु विकट विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने आत्मसम्मान से कोई समझौता नहीं किया। इतिहास गवाह है कि महाराणा प्रताप को जीवन के कठिनतम समय में घास की रोटियां तक खानी पड़ीं, तब भी उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया। अपने नाम के अनुरूप वे सचमुच प्रतापी थे। उनका गौरवशाली व्यक्तित्व भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में सदैव अमर रहेगा। मुख्यमंत्री ने देश-प्रदेश के युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# सारण में मुख्यमंत्री व रेल मंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम और एसएसपी ने की संयुक्त बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**सारण।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के छपरा में प्रस्तावित वीआईपी कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित और व्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रशासनिक कवायद काफी तेज हो गई है। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस विनीत कुमार द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक के दौरान मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, सुगम यातायात संचालन, वीआईपी सुरक्षा, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की चौबीसों घंटे उपलब्धता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। कार्यक्रम से जुड़े सभी पहलुओं का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। द्वय अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल स्थापित कर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से करें। संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखने तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# फरीदाबाद : जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाए अधिकारी : नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की नवगठित वित्त एवं संविदा समिति के सदस्यों ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास कबीर कुटीर, चंडीगढ़ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फरीदाबाद शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा नगर निगम की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।
बैठक के दौरान मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने मुख्यमंत्री को नगर निगम फरीदाबाद द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते हुए शहर की आवश्यकताओं और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से अमूल्य चंद्र पार्क तथा सेक्टर-88 में आधुनिक ई-लाइब्रेरी की स्थापना, नगर निगम मुख्यालय परिसर में अत्याधुनिक कन्वेंशन हॉल के निर्माण तथा मुझेड़ी एवं प्रतापगढ़ स्थित हॉर्टिकल्चर वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांटों की क्षमता वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मेयर ने बताया कि अमूल्य चंद्र पार्क एवं सेक्टर-88 में प्रस्तावित ई-लाइब्रेरी परियोजनाएं युवाओं, विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए ज्ञान एवं तकनीक आधारित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। वहीं नगर निगम मुख्यालय में प्रस्तावित कन्वेंशन हॉल शहर में बड़े स्तर के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधा सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त मेयर ने मुझेड़ी एवं प्रतापगढ़ में संचालित हॉर्टिकल्चर वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांटों की वर्तमान क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के निरंतर विस्तार के साथ बागवानी एवं हरित अपशिष्ट की मात्रा में भी वृद्धि हो रही है, जिसके प्रभावी एवं वैज्ञानिक निस्तारण के लिए इन प्लांटों की क्षमता में विस्तार आवश्यक है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा बल्कि स्वच्छ एवं हरित फरीदाबाद के लक्ष्य को भी मजबूती प्राप्त होगी। मेयर ने कहा कि नगर निगम फरीदाबाद प्रदेश सरकार के सहयोग से शहर के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



**आधारभूत**

- आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है : मेयर प्रवीण बत्रा जोशी

# योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं: धामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया और प्रदेशवासियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियमित योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ है। आज योग विश्वभर में स्वास्थ्य, मानसिक शांति और समग्र कल्याण के प्रभावी माध्यम के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मानुशासन, सकारात्मक जीवनशैली और जीवन में संतुलन स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। योग व्यक्ति को तनावमुक्त, ऊजार्वान और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान देने का आग्रह किया।

**योगाभ्यास**

- मुख्यमंत्री आवास पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया

# सपा के लिए सैफई ही घर-परिवार, मेरे लिए पूरा उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ का परिवार: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि गत 12 वर्षों में देश में और 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किया, वह कांग्रेस व सपा सरकारें नहीं कर सकीं, क्योंकि भ्रष्ट व क्षमता विहीन ये लोग गरीब के बारे में नहीं, केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ने नेहरू-गांधी परिवार से बाहर कभी नहीं सोचा और सपा के लिए केवल सैफई ही परिवार था। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को घर और 140 करोड़ लोगों को ही परिवार माना है। मेरे लिए उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ लोग परिवार के सदस्य हैं। उनकी समृद्धि के लिए कार्य करना ही हमारा मिशन है।
मुख्यमंत्री योगी यहां आज 570 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राम पंचायत डीह, भवानी खेड़ा चौराहा, हिंदु खेड़ा उन्नाव में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। सीएम ने स्थानीय लोगों को जानकारी दी कि वीर शहीद गुलाब सिंह लोधी की स्मृति में निर्मित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की क्षमता भी दोगुनी कर दी गई है।



**साधा निशाना**

- मुख्यमंत्री ने उन्नाव में 570 करोड़ की 101 योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**खर-दूषण जैसे थे सपा के सत्तापोषित माफिया**

सीएम ने कहा कि सपा सरकार के समय गरीब या अन्य राजनीतिक दल आवाज उठाते थे तो इनके गुंडे व माफिया उनकी आवाज दबाने के साथ ही व्यापारियों का अपहरण कर प्रदेश में अराजकता का तांडव करते थे। रामायण काल में खर-दूषण, मारीच व सुबाहु का आतंक ऐसा ही रहा होगा, जैसे सपा सरकार के समय सत्तापोषित माफिया का था। कांग्रेस व सपा के नेताओं को कभी गरीब के लिए आंसू बहाते नहीं देखा होगा। इनके आंसू माफिया के मरने पर बहते हैं।

**अध्यात्म, साहित्य व क्रांति की धरा है उन्नाव**

मुख्यमंत्री ने उन्नाव को अध्यात्म, साहित्य व क्रांति की धरा बताया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय आध्यात्मिक स्थलों, साहित्यकारों, क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा के पूर्व अध?क्ष हृदय नारायण दीक्षित के कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि भारत की अस्मिता पर संकट के समय गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए राजा रामबख्श सिंह, वीर गुलाब सिंह लोधी ने अपने बलिदान से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें उखाड़ दीं। मुख्यमंत्री बोले, स्वामी साक्षी महाराज जी कहते थे कि लखनऊ व कानपुर के बीच उन्नाव खुद को उपेक्षित महसूस करता है। तब मैंने कहा था कि विकास की हर योजना उन्नाव में भी आएगी।

# 'टाइगर हीरो हंट' अभियान के जरिए बुलिंग के खिलाफ जगाई जागरूकता

**फरीदाबाद:** बुलिंग की घटनाएं अक्सर रोजमर्रा की परिस्थितियों में छिपी रहती हैं और कई बार जब तक इनके गंभीर प्रभाव सामने आते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसी संवेदनशील मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज टाइगर हीरो हंट अभियान की शुरूआत की है। यह एक इंटरैक्टिव और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग (कहानी सुनाने का अनूठा तरीका) अनुभव है, जिसका उद्देश्य बच्चों को बुलिंग की परिस्थितियों को पहचानने और उनके खिलाफ खड़े होने में मदद करना है। इस अभियान के तहत ब्रिटानिया टाइगर क्रंच ने 8 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए बड़े पैमाने पर एक 'स्कूल जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया। इसके माध्यम से पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के 180 स्कूलों के 70,000 से अधिक छात्रों तक पहुंच बनाई गई। इस पहल ने बच्चों को बेहद सरल और सुलभ तरीके से बुलिंग जैसे गंभीर विषय पर खुलकर बात करने का मंच प्रदान किया। इस गतिविधि के जरिए बच्चों को बुलिंग की घटनाओं को पहचानने और उनके प्रति सहानुभूति, साहस व संवेदनशीलता के साथ प्रतिक्रिया देने के लिए प्रेरित किया गया।

# मुख्यमंत्री की पहल से कुनकुरी की बिजली व्यवस्था हुई और मजबूत

**अधोसंरचना**

- पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चालू कर दिया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में विद्युत अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के तहत जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कुनकुरी में 3.15 एमवीए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। साथ ही नगर क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 11 केवी फीडर का निर्माण एवं विद्युत प्रवाह प्रारंभ करने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए विभाग द्वारा व्यापक तकनीकी तैयारियां की गईं। कार्यस्थल पर आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने हेतु दो डीपी को स्थानांतरित किया गया, अनुपयोगी नियंत्रण कक्ष को हटाया गया तथा पुराने ट्रांसफार्मर प्लिंथ का मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य किया गया। सभी तकनीकी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मर क्षमता में वृद्धि से क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी। वहीं नए 11 केवी फीडर के शुरू होने से विद्युत भार का बेहतर वितरण संभव होगा, जिससे ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर किए गए इस उन्नयन कार्य को क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों एवं विद्युत उपभोक्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कुनकुरी की



# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ पश्चिम बंगाल विधानसभा का बजट सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार को राज्यपाल आरएन रवि के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने अपने संबोधन में बताया कि बजट सत्र का पहला चरण 25 जून तक चलेगा, जबकि राज्य के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता आगामी सोमवार को राज्य का बजट पेश करेंगे। इस बार बजट सत्र का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, उगाही, महिला सुरक्षा, घुसपैठ, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास समेत कई मुद्दों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नई राज्य सरकार नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भ्रष्टाचार और उगाही पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। राज्यपाल ने कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में सरकार ने ह्यशून्य सहिष्णुताह्ल की नीति अपनाई है और असामाजिक तत्वों तथा उगाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकल्प लिया है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कई वर्षों से राज्य में भय और हिंसा का वातावरण था, जिसे नई सरकार दूर करने का प्रयास कर रही है और कानून का शासन पुनः स्थापित किया जाएगा। अभिभाषण में राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नई सरकार ने खुली सीमाओं पर कंटीले तार लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को भूमि उपलब्ध कराई है। उनके अनुसार, घुसपैठ राज्य की एक बड़ी समस्या रही है और इसके कारण जनसंख्या संरचना में भी बदलाव आया है। सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है तथा सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त बनाने के प्रयास जारी हैं। राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार बालू तस्करी और संस्थागत भ्रष्टाचार पर भी सख्ती से अंकुश लगाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की थ्रेट कल्चर या डराने-धमकाने की राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं लंबित थीं।



**अभिभाषण**

- राज्य के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता आगामी सोमवार को राज्य का बजट पेश करेंगे

# टिकटार्थियों के बाद अधिकारी और ठेकेदार मिलके कर रहे पंचायत: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं योगी सरकार में पंचायती राज विभाग के मंत्री ओम प्रकाश राजभर पर टिकट के नाम एडवांस लिए जाने का दावा किया है। अखिलेश ने मंत्री राजभर के समाजवादी पार्टी टूटने वाले दावे पर पलटवार करते हुए उक्त बात कही गई है।
अखिलेश यादव ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कल तक तो 'अफवाही' मंत्री को केवल वो भावी प्रत्याशी ही ढूँढ रहे थे जिनसे इन्होंने टिकट के नाम पर एडवांस वसूल लिया था, लेकिन अब जो जान गये हैं कि '30 सीट'की बात अफवाह है। न तो इन्हें एक भी सीट मिल रही है और ले-देकर मिल भी गई तो भी ये जीतने वाले नहीं हैं। इनकी सच्चाई बाहर आते ही अब तो सुना है, वो एई, जेई और एएमए अधिकारी और विभागीय ठेकेदार भी इनको ढूँढने के लिए मिल-बैठकर 'पंचायत' कर रहे हैं, जिनसे ट्रांसफर-पोस्टिंग व कॉन्ट्रैक्ट दिलवाने के नाम पर इन्होंने एडवांस वसूल लिया है।





facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv
हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com
ऊना, 19 जून 2026



# मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मनोरंजन केंद्र का लोकार्पण किया

**शिलान्यास**

» एकीकृत आयुष अस्पताल का किया शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के धर्मशाला स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में निर्मित होने वाले 50 बिस्तरों की क्षमता वाले एकीकृत आयुष अस्पताल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयुष चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय कर समग्र एवं एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस नए अस्पताल के निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों से युक्त एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के चरान में स्मार्ट सिटी लिमिटेड (डीएससीएल) द्वारा 7.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं मनोरंजन केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से स्थानीय लोगों को ख़रीदारी, मनोरंजन तथा दैनिक उपयोग से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों के समय और धन दोनों की बचत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र के आरम्भ होने से क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे आसपास के दुकानदारों एवं लघु उद्यमियों के लिए व्यापार एवं आय के नए अवसर सृजित होंगे और उन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# 7 दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षक प्रदान करने को मंजूरी

**राजन पुरी**

**शिमला।** राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के तहत स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 का उद्देश्य ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता (बौद्धिक दिव्यांगता) तथा बहु-विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। इस अधिनियम के अंतर्गत ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों की देखभाल, सुरक्षा एवं संपत्ति के प्रबंधन के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है। जब कोई दिव्यांग व्यक्ति स्वयं अपने व्यक्तिगत, सामाजिक अथवा वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने में सक्षम नहीं होता, तब उसके माता-पिता, रिश्तेदार या अन्य उपयुक्त व्यक्ति कानूनी संरक्षक के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन जिला स्तर पर गठित स्थानीय स्तर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। बैठक में बताया गया कि जिला में 108 दिव्यांगजन है जिनके लिए संरक्षक नियुक्त किए गए है। जिला भर में 7 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन्हें भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि समिति आवेदन और संबंधित दस्तावेजों की जांच करने के बाद उपयुक्त व्यक्ति को कानूनी संरक्षक नियुक्त करती है। संरक्षक का दायित्व दिव्यांग व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, पुनर्वास, आवास तथा संपत्ति से जुड़े मामलों की देखभाल करना होता है। संरक्षक को यह सुनिश्चित करना होता है कि उसके सभी निर्णय दिव्यांग व्यक्ति के सर्वोत्तम हित में हों। यदि संरक्षक अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं करता है या दिव्यांग व्यक्ति के हितों की उपेक्षा करता है, तो स्थानीय स्तरीय समिति उसके विरुद्ध कार्रवाई कर सकती है तथा आवश्यकता पड़ने पर नए संरक्षक की नियुक्ति भी कर सकती है।

# चंबा में दर्दनाक सड़क हादसा : पुखरी-मसरूंड मार्ग पर बोलेरो गाड़ी खाई में गिरी, सात लोगों की मौत

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा के पुखरी-मसरूंड मार्ग पर माणी जीरो के पास बोलेरो गाड़ी 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में वाहन में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। हादसा रात के लगभग 2 बजे के करीब हुआ जब यह सभी लोग एक मुंडन संस्कार से घर वापस लौट रहे थे।

यह हादसा चंबा-मसरूंड मार्ग पर छतरूंड के समीप हुआ जब एक बोलेरो अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। जानकारी के अनुसार इस गाड़ी में कुल तीन महिलाएं तथा चार पुरुष सवार थे बताया जा रहा है कि पुरुषों में तीन सगे भाई सफर कर रहे थे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो (एचपी-01सी-2581) में ग्राम महल पंचायत के सपरोठ गांव के 6 लोग, जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल थे, जिन में तीन सगे भाई तथा सातवां गाड़ी का चालक शामिल है। ये सभी लोग काकड़ोथा गांव में आयोजित एक मुंडन संस्कार में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान छतरूंड के पास अनियंत्रित होकर वाहन सड़क से लुढ़क गया और खाई में समा गया। खाई की गहराई लगभग 500 मीटर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। गहरी खाई से सभी सात शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया है।

प्रशासन ने इस भीषण हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सड़कों की स्थिति, वाहन की गति, या किसी अन्य यांत्रिक खराबी जैसे संभावित कारणों की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने चंबा जिले की मसरूंड-हमल सड़क पर छतरुंड के निकट गत रात्रि हुई सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# टापरी फल मंडी का विस्तारीकरण किया जाएगा जिससे छोटे एवं सीमांत बागवानों को मिलेगा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी गत सांय किन्नौर जिला की उप-तहसील टापरी में आयोजित छः दिवसीय ग्रीष्मोत्सव के समापन्न समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस मेले का आरम्भ 2017 में किया गया था और इसके बाद प्रत्येक वर्ष इस मेले को धूमधाम से मनाया जा रहा है तथा किन्नौरी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक उपयुक्त मंच है तथा इस आयोजन को अधिक भव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी ताकि जनजातीय संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन संभव हो सके और युवा वर्ग आज के आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अपनी प्राचीन संस्कृति पर गर्व महसूस कर सके तथा इसे संजोने की ओर अग्रसर हो सके।



राजस्व मंत्री ने छः दिवसीय कार्यक्रम, जिसका आगाज 12 जून, 2026 को हुआ था जिसके सफल आयोजन के लिए आयोजन कमेटी को बधाई दी तथा इस महोत्सव को सरकार के समक्ष रख कर जिला स्तरीय बानाने का आश्वासन दिया।

जनजातीय विकास मंत्री ने कहा कि मेले एवं त्यौहार स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करता है और वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल की संस्कृति के सरंक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य कर रही है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किन्नौर अपनी समृद्ध संस्कृति, वेश-भूषा, खान-पान व पहरावे के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है तथा आज के इस बदलते परिवेश के उपरान्त भी जिला किन्नौर के लोग अपनी मूल संस्कृति से जुड़े है तथा अपनी सांस्कृतिक धरोहरों, रीति-रिवाजों को कायम रखे हुए हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि मेले व त्यौहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है तथा जनजातीय जिलों में कठिन भोगौलिक परिस्थितियों के कारण यह आवश्यक हो जाता है कि इस प्रकार के मेले व त्यौहार समय-समय पर आयोजित होते रहें ताकि आपसी भाईचारे के साथ-साथ आम लोग मनोरंजन के माध्यम से अपने तनाव व थकान को दूर कर सकें।

# सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में हों शामिल : स्वाति डोगरा

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर की मतदाता सूचियों के प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बारे में सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए वीरवार को यहां मिनी सचिवालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम एवं बड़सर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी स्वाति डोगरा ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करके और अपात्र लोगों के नाम हटाकर त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करना है।



उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करना सुनिश्चित करें। एक भी पात्र व्यक्ति इससे छूटना नहीं चाहिए। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल क्रियान्वयन के लिए जागरुकता गतिविधियां भी आयोजित करें। एसडीएम ने कहा कि पंजीकृत मतदाताओं की संख्या और वास्तविक जनसंख्या के अनुपात में अभी भी काफी सुधार की गुंजाइश है। इस दिशा में सभी बीएलओ विशेष प्रयास करें। एसडीएम ने मतदाता सूचियों में पात्र लोगों के नाम शामिल करने, अपात्र लोगों के नाम हटाने और मतदाता सूचियों में अशुद्धियों को दुरुस्त करने से संबंधित प्रपत्रों-6,7 और 8 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 20 जून को रामपुर में जागरूकता रैली आयोजित होगी

**लिहान्टू**

**रामपुर बुशहर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभिया के अंतर्गत 20 जून, 2026 को प्रातः 9:30 बजे रामपुर में नशा उन्मूलन एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का विषय नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान रखा गया है।

तहसील कल्याण अधिकारी रामपुर मोहन केदारटा ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालक) रामपुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालिका) रामपुर के लगभग 300 विद्यार्थी भाग लेंगे। रैली को उप मण्डल पुलिस अधिकारी रामपुर नरेश शर्मा द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों तथा समाज पर इसके पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

रैली के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति संबंधी संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए पुलिस विभाग तथा संबंधित संस्थानों के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। रैली के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों के मानसिक विकास का विशेष परीक्षण शुरू

**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के आकलन के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। अभियान के प्रथम चरण के तहत वीरवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों की समझ, स्मरण शक्ति, पहचान क्षमता, निर्देशों का पालन करने की योग्यता तथा व्यवहारिक प्रतिक्रिया का परीक्षण किया गया। गतिविधियों के माध्यम से ब%चों के प्रदर्शन का सूक्ष्म अवलोकन कर आवश्यक जानकारियां दर्ज की गईं। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया, ताकि वे अपने बच्चों के विकास और क्षमताओं को नजदीक से समझ सकें। बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षक कंचन देवी ने बताया कि कई बार कम आयु के बच्चे भी गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, जबकि कुछ बड़े बच्चों को अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में अभिभावकों को उचित परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, ताकि बच्चों के विकास में आने वाली चुनौतियों का समय रहते समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाना है।

# ग्राम पंचायत अजौली में स्कूल रेडीनेस मेला-1 का सफल आयोजन



**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत पर्यवेक्षक वृत सनोली द्वारा ग्राम पंचायत अजौली में स्कूल रेडीनेस मेला-1 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यवेक्षक नरेश देवी ने की। मेले का मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना तथा अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास एवं सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास, प्रारंभिक शिक्षा और विद्यालय में प्रवेश से पूर्व आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर वार्ड पंच चांद रानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुषमा रानी, परवीन लता, सहायिका सुरजीत कौर, आशा कार्यकर्ता तथा गांव की शिक्षित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपस्थित लोगों ने ऐसे आयोजनों को बच्चों के उगवल भविष्य के लिए लाभदायक बताते हुए सराहना की।

# 19 व 20 जून, 2026 को पूनंग, लीगने तथा किल्बा में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी




**टीम एक्शन इंडिया**

**रिकांगपिओ।** सहाक अभियंता उप-विभाग विद्युत टापरी विरेन्द्र ने बताया कि 22 के.वी नए किन्नौर फीडर में 22 के.वी एच0टी0 लाईन में मरम्मत कार्य के चलते 19 व 20 जून, 2026 को प्रातः 09 बजे से सायं 05 बजे तक फीडर के तहत आने वाले गावं पूनंग, लीगने तथा किल्बा में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने जन साधारण से असुविधा के लिए खेद प्रकट किया और सहयोग का आग्रह किया है।

# बंगाणा बस अड्डा निर्माण में साढ़े तीन साल से देरी

**राजन पुरी**

**ऊना।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा बस अड्डा निर्माण को लेकर प्रदेश सरकार और कुटलैहड़ के कांग्रेस विधायकों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के साढ़े तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद बंगाणा बस अड्डे का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जबकि इस अवधि में कुटलैहड़ क्षेत्र को दो-दो कांग्रेस विधायक मिले हैं। इसके बावजूद जनता की वर्षों पुरानी मांग आज भी अधूरी पड़ी हुई है।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बंगाणा बस अड्डे के निर्माण के लिए 3.86 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। परियोजना के लिए भूमि का चयन कर विधिवत शिलान्यास भी किया गया था। डुमखर क्षेत्र में किसानों की भूमि को सभी औपचारिकताएं पूरी कर परिवहन विभाग के नाम स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने कहा कि बस अड्डे के निर्माण की दिशा में सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई थीं, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह महत्वपूर्ण परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद पहले से स्वीकृत विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई गई। यदि सरकार और स्थानीय विधायक गंभीर होते तो आज बंगाणा बस अड्डा बनकर जनता को समर्पित किया जा चुका होता। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में राजनीतिक भेदभाव नहीं होना चाहिए और जनता के हित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। कंवर ने कहा कि बंगाणा अब नगर पंचायत बन चुका है और यहां आबादी, व्यापारिक गतिविधियों तथा वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में आधुनिक बस अड्डे का निर्माण क्षेत्र की आवश्यकता बन गया है।



# 26 जून को मनाया जाएगा एंटी चिट्टा दिवस

**हामिद खान**

**चंबा।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आगामी 26 जून को जिला भर में एंटी चिट्टा दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान जिला, उपमंडल तथा पंचायत स्तर पर समाज को नशामुक्त एवं चिट्टा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने एंटी चिट्टा अभियान के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा समाज में नशे के खिलाफ जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 26 जून को सुबह सभी विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में और सरकारी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे एंटी चिट्टा शपथ ग्रहण की जाएगी। वहीं पंचायत स्तर में भी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां और सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस विषय में उपमंडल अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले में संचालित एंटी-चिट्टा अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों, युवा मंडलों एवं महिला मंडलों से सक्रिय एवं बढ़-चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी जनजागरूकता पैदा करने में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# जनजातीय क्षेत्रों में यौन संचारित रोगों पर शोध रिपोर्ट जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** जनजातीय विकास विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश की जनजातीय जनसंख्या में यौन संचारित रोगों की व्यापकता, जोखिम कारकों एवं उपचार-खोज व्यवहार विषयक शोध अध्ययन की रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट को अतिरिक्त मुख्य सचिव जनजातीय विकास ओंकार चंद शर्मा ने जारी किया।

यह रिपोर्ट जनजातीय विकास विभाग द्वारा आईजीएमसी शिमला के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के सहयोग से तैयार की गई है।

जिला चंबा, किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति के 3,000 प्रतिभागियों पर आधारित इस अध्ययन में जनजातीय क्षेत्रों में यौन संचारित रोगों से संबंधित लक्षणों, जागरूकता, जोखिम कारकों एवं उपचार प्राप्त करने के व्यवहार का आकलन किया गया है। अध्ययन में जागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि अध्ययन के निष्कर्ष जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# एस.एम.टी ट्रेनी के 70 पदों के लिए साक्षात्कार 23 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी प्रवीन नगराईक ने बताया कि डॉ. रेड्डी लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड बद्दी, जिला सोलन द्वारा एस.एम.टी ट्रेनी के 70 पदों के लिए 15 जून, 2026 को होने वाला कैंपस साक्षात्कार किन्हीं प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया था जो अब 23 जून, 2026 को प्रातः 10:30 उप रोजगार कार्यालय रामपुर बुशहर जिला शिमला में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एस.एम.टी ट्रेनी के पदों के लिए पूर्व में जारी सभी शर्तें, पात्रता एवं मानदंड यथावत रहेंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे निर्धारित तिथि व समय पर अपने समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का एक सेट, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, अद्यतन बायोडाटा, क्लीपबोर्ड एवं बॉल पेन सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# लोअर भंजाल आंगनबाड़ी केंद्र में सजा समर मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना गगरेट के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र लोअर भंजाल बड़ा तालाब में समर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, अभिभावकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका रमा कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में 17 जून से समर मेले आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान अगस्त माह तक चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना, उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारना तथा अभिभावकों को बाल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। मेले के दौरान ब%चों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लोअर भंजाल के प्रधान पूर्ण चंद तथा पंचायत समिति सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।